श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 173, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 22 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# मणिपुर में 'जनाक्रोश' आया सामने

## आरोपियों का घर फूंका, 1 हजार लोगों ने गांव पर किया हमला और घर फूंके, सबके सामने महिलाओं को नग्न कर किया दुष्कर्म...एफआईआर में खुलासा

**इंफालः मणिपुर** में तकरीबन एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ ने कांगपोकपी जिले के एक गांव पर हमला किया और मकानों को लूटा, उनमें आग लगाई, हत्या की तथा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने से पहले उनसे दुष्कर्म किया। इन महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरा देश आक्रोशित है और घटना के विरोध में जगह जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इस मामले में 21 जून को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें आदिवासी महिलाओं के अपहरण और उनसे शर्मनाक बर्ताव से पहले हुए जुल्म की दास्तां का उल्लेख है।

**हथियारों से लैस थी भीड़:** प्राथमिकी में दावा किया गया है कि भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी जिसने 4 मई को कुछ लोगों को अपनी बहन से दुष्कर्म करने से रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद दोनों महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और दूसरे लोगों के सामने ही उनका यौन उत्पीड़न किया गया। सैकुल थाने में दर्ज प्राथमिकी में दावा किया गया है,303 राइफल्स जैसे आधुनिक हथियार लेकर करीब 900-1000 लोग सैकुल थाने से करीब 68 किलोमीटर दक्षिण में कांगपोकपी जिले में हमारे गांव में जबरन घुस आए।'' प्राथमिकी में दावा किया गया, हिंसक भीड़ ने हमारे घरों में तोड़फोड़ की और चल संपत्तियां लूटने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया।'' इसमें कहा गया है कि भीड़ दोपहर करीब तीन बजे गांव में घुसी और नकदी, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, अनाज और मवेशियों को लूटकर ले गई। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि भीड़ पांच लोगों को भी अपने साथ ले गई थी जिन्हें पुलिसकर्मियों ने एक नजदीकी जंगल से बचाया था। इस हमले के बाद पांचों ग्रामीण डर के मारे जंगल में भाग गए थे।

**चारों आरोपी गिरफ्तार:** पुलिस ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने तथा उनसे छेड़छाड़ करने के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से एक दिन पहले 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो सामने आया था। इस घटना के संबंध में एक महीने पहले 21 जून को सैकुल थाने में शिकायत दर्ज की गयी थी। पुलिस ने बताया कि गुस्साए स्थानीय लोगों ने थाउबल जिले के पेची अवांग में चारों में एक आरोपी के घर पर गुरुवार रात को हमला किया, उसे लूटा और उसे आग के हवाले कर दिया। आरोपी को दो महिलाओं में से एक को घसीटते हुए देखा गया था। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर मेइती समुदाय द्वारा पहाड़ी जिलों में 3 मई को आयोजित ट्राइबल सॉलिडारिटी मार्च' (आदिवासी एकजुटता मार्च) वाले दिन राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई। राज्य में हुई हिंसक घटनाओं में अभी तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है तथा कई लोग घायल हुए हैं।

### मणिपुर को मौजूदा संकट से उबारने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए : सीतारमण



**केंद्रीय** वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां कहा कि मणिपुर को वर्तमान संकट से बाहर आना चाहिए और राज्य में शांति बहाल करने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। मंत्री ने एक कार्यक्रम से इतर कहा कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। राज्य एक कठिन दौर से गुजर रहा है और सभी समुदाय वहां पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर एक खूबसूरत राज्य है और इसे संकट से बाहर निकलना होगा और ईमानदारी से कहें तो हम सभी को राज्य में शांति वापस लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा, इस तरह की घटना से हममें से प्रत्येक को दुख होता है और ऐसा कोई शब्द नहीं है जिससे हम इस मुद्दे को समझा सकें या इसका समाधान कर सकें। मंत्री ने कहा, अपराधियों को पकड़ना होगा और कल कुछ गिरफ्तारियां पहले ही हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि अपराधियों को दंडित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

### केंद्रीय टीम आखिर मणिपुर क्यों नहीं भेजी गई: ममता



**कोलकाता: मणिपुर** संकट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना तीखा हमला जारी रखते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बेटी बचाओ' योजना अब बेटी जलाओ में तब्दील हो गई है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने आश्चर्य जताया कि केंद्र ने मणिपुर में कभी केंद्रीय दल भेजने की जहमत क्यों नहीं उठाई, जहां जातीय हिंसा में अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने सवाल किया, हम मणिपुर के साथ अपनी एकजुटता दशार्ना चाहते हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में (पंचायत चुनाव के बाद) कई केंद्रीय दल भेजे, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य में कोई केंद्रीय दल क्यों नहीं भेजा गया? यहां पार्टी की वार्षिक शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के प्रति अपनी एकजुटता जाहिर की और कहा कि उनका मिशन भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा का सत्ता में लौटना लोकतंत्र के खात्मे का संकेत होगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने भाजपा को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के दावों का खंडन करते हुए कहा।

### उम्मीद करते है पीएम मणिपुर संसद में जवाब देंगे: खड़गे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना और राज्य में 80 दिनों की हिंसा के विषय पर संसद के भीतर बयान देना चाहिए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मणिपुर की हिंसा को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पूरी तरह से असहाय नजर आई हैं। खरगे ने ट्वीट किया, ह्यह्यनरेन्द्र मोदी जी, आपने कल संसद के भीतर बयान नहीं दिया। यदि आप उस घटना से आक्रोशित होते तो कांग्रेस शासित राज्यों के साथ झूठी तुलना करने की बजाय सबसे पहले अपने मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर सकते थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत आपसे अपेक्षा करता है कि आप आज संसद में न केवल एक घटना पर, बल्कि 80 दिनों की हिंसा पर बयान देंगे। मणिपुर को लेकर राज्य और केंद्र में आपकी सरकार बिल्कुल असहाय और संवेदनहीन दिख रही है।'' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ह्यह्यमेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा रोकने और बातचीत सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर में तटस्थ प्रशासन होना चाहिए। इसलिए मैंने कहा है कि राष्ट्रपति शासन वांछित है।

### जल की कीमत को हमको समझना होगा : योगी



**भूजल** सप्ताह के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां लोकभवन में भूजल सप्ताह के समापन समारोह में बोलते हुए कहा कि जल है तो जीवन है। भारतीय मनीषा इस बात को हमेशा मानते हैं। जल को हम जीवन के पर्याय को मानते हैं। यह सृष्टि के लिए आवश्यक है। जल की कीमत को हमको समझना होगा। उसे बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम से लेकर अन्य कदम उठाने होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भूगर्भीय जल के गिरते हुए स्तर और नदियों, तालाबों को गंदगी के ढेर में बदलने का कार्य किया गया। आज कहीं भी देखिये जो नदी पहाड़ से निकलती है, अगर उसके किनारे कोई नगर या औद्योगिक शहर नहीं है तो उसका जल नवम्बर दिसम्बर में अविरल होता है। साफ स्वच्छ होता है। किसी नदी के किनारे कोई शहर या बस्ती या औद्योगिक शहर होता है तो उसका जल मार्च अप्रैल में ही काला होता है। उन्होंने कहा कि जल की कीमत को हमको समझना होगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग इसी क्रम का हिस्सा है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर नगर हर जनपद में एक अमृत सरोवर बने, यह इसी क्रम का हिस्सा है। जीव जन्तु सृष्टि को जिंदा रखना है ।

## जल की कीमत को हमको समझना होगा : सीएम योगी

### भूजल सप्ताह के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां लोकभवन में भूजल सप्ताह के समापन समारोह में बोलते हुए कहा कि जल है तो जीवन है। भारतीय मनीषा इस बात को हमेशा मानते हैं। जल को हम जीवन के पर्याय को मानते हैं। यह सृष्टि के लिए आवश्यक है। जल की कीमत को हमको समझना होगा। उसे बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम से लेकर अन्य कदम उठाने होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भूगर्भीय जल के गिरते हुए स्तर और नदियों, तालाबों को गंदगी के ढेर में बदलने का कार्य किया गया। आज कहीं भी देखिये जो नदी पहाड़ से निकलती है, अगर उसके किनारे कोई नगर या औद्योगिक शहर नहीं है तो उसका जल नवम्बर दिसम्बर में अविरल होता है। साफ स्वच्छ होता है। किसी नदी के किनारे कोई शहर या बस्ती या औद्योगिक शहर होता है तो उसका जल मार्च अप्रैल में ही काला होता है। उन्होंने कहा कि जल की कीमत को हमको समझना होगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग इसी क्रम का हिस्सा है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर नगर हर जनपद में एक अमृत सरोवर बने, यह इसी क्रम का हिस्सा है।

## आपदाग्रस्त क्षेत्रों में माफ होगा तीन माह का बिजली बिल: धामी



**हरिद्वारः मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यहां राज्य अतिथि गृह डाम कोठी में अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव के राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निर्णय लिया गया है कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में 3 महीने के बिजली के बिल माफ होंगे और सहकारी बैंकों के ऋण में भी लोगों को 3 माह की राहत मिलेगी। इसके अलावा आपदा प्रबंधन विभाग के आंकलन के बाद ही आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बारिश के कारण हुए जलभराव पर कहा कि हमारे द्वारा चाहे शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र सभी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक प्लान तैयार किया जा रहा है।

## ज्ञानवापी: मां श्रृंगार गौरी मामले में एएसआई सर्वे की मंजूरी



**वाराणसी: ज्ञानवापी-** मां श्रृंगार गौरी मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के जरिए रडार तकनीक से सर्वे कराने का रास्ता साफ हो गया है। वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए सर्वे को मंजूरी दे दी। यह सर्वे सील वजूखाने को छोड़कर बैरिकेडिंग वाले भाग का किया जाएगा। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सभी पक्षों की मौजूदगी में ये आदेश दिया। इसके पहले 14 जुलाई को जिला जज ने मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला 21 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय के फैसले को हिन्दू पक्ष बड़ा जीत मान रहा है। उल्लेखनीय है कि हिन्दू पक्ष की चार महिलाएं- लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास व रेखा पाठक ने 16 मई को जिला जज की अदालत में अर्जी देकर अपील की थी।

### एमपी में ऐसी सरकार बनाइए जो खरीदी न जा सके: प्रियंका

## एमपी: जन आक्रोश रैली में गरजी प्रियंका गांधी



**ग्वालियरः कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश दौरे पर रहीं। जबलपुर के बाद ग्वालियर में प्रियंका गांधी की ये दूसरी चुनावी जन आक्रोश रैली है। उनका यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने के बाद ग्वालियर में वे पहली बार आईं। लेकिन इस दौरान खास बात देखने को मिली कि प्रियंका गांधी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर बोलने से गुरेज किया। उन्होंने करीब 33 मिनट भाषण दिया। इसमें उन्होंने शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने की अपील की, लेकिन भाषण के दौरान सिंधिया पर कोई हमला नहीं किया। विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी का यह दौरान बेहद अहम माना जा रहा है। रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी कयास लगाए जा रहे थे कि वे सिंधिया और सिंधिया परिवार को निशाने पर लेंगी लेकिन उन्होंने 33 मिनट के भाषण में सिर्फ एक बार सिंधिया का नाम लिया। सरकार ने जाने के बारे में प्रियंका गांधी ने दो बार सिर्फ उसका जिक्र किया। उन्होंने एक बार कहा कि हमारी सरकार का सौदा हुआ था। दूसरी बार कहा कि इस बार ऐसी सरकार बनाइए, जिसे न गिराई जा सके और न खरीदी जा सके। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ सहित अन्य बड़े नेता भी ।

## भारतीयों में बढ़ा विदेश जाने का क्रेज

**नई दिल्लीः सरकार** ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 5,61,272 भारतीय नागरिकों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। लोकसभा में कार्ति पी चिदंबरम के प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह जानकारी दी। कार्ति चिदंबरम ने पूछा था कि पिछले तीन वर्ष और इस वर्ष के दौरान अब तक कितने भारतीय नागरिकों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में 85,256 भारतीय नागरिकों,।

### 12 एकड़ क्षेत्रफल में आधारभूत पर्यटन अवस्थापना विकास के कार्य होंगे

## कुशीनगर में 12 एकड़ भूमि में बनेगा 'धम्म ग्राम'



**कुशीनगरः** कुशीनगर में निरस्त मैत्रेय परियोजना की भूमि पर स्वीकृत कृषि विश्वविद्यालय के साथ शेष बच रही भूमि के 12 एकड़ क्षेत्रफल में आधारभूत पर्यटन अवस्थापना विकास के कार्य होंगे। बुद्ध की ऊंची प्रतिमा भी लगेगी। धम्म ग्राम बौद्ध संस्कृति, भाषा और धर्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा। परियोजना में बौद्ध विपश्यना केंद्र, वन क्षेत्र, मेडिटेशन प्लेटफार्म, कुटीर, पांड्स, बुद्ध के जीवन से जुड़े वृक्ष और उनके जीवन वृत्त के महत्वपूर्ण प्रसंगों को दशार्ती झांकियां, पालि भाषा अध्ययन केंद्र आदि को धम्म ग्राम में समाहित किया जायेगा। बौद्ध मंत्रों के बीच ध्यान और पूजा कर बौद्ध तीर्थयात्री अलौकिक अनुभव कर सकेंगे। विशेषज्ञ कंपनी बनायेगी डिजाइनः विधायक पी एन पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने धम्म ग्राम परियोजना पर सहमति जताई है। बौद्ध पर्यटन से जुड़ी विशेषज्ञ कंपनी इसकी डिजाइन करेगी। उन्होंने बताया कि किसानों के हित का सरकार पूरा ध्यान रख रही है। सपा सरकार की उपज मैत्रेय परियोजना छलावा साबित हुई किंतु धम्म ग्राम परियोजना पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित होगी। अधिग्रहीत है

250 एकड़ भूमिः मैत्रेय परियोजना के नाम पर संस्कृति विभाग ने 250 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की थी।

145.55 एकड़ भूमि महात्मा बुद्ध कृषि विश्विद्यालय को दी गई है। शेष भूमि अलग अलग पाकेट में हैं। भूमि की प्रकृति के अनुसार अनेक योजनाएं प्रस्तावित की जा रही हैं।

**प्रतिनिधि मंडल में ये रहे शामिलः** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर धम्म ग्राम का प्रस्ताव सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में कुशीनगर नगरपालिका अध्यक्ष किरण जायसवाल, प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश वर्मा, विनोद गिरि शामिल रहे।

## हिमाचल सरकार बागवानों के साथ अन्याय कर रही : जयराम ठाकुर



**शिमलाः भाजपा के नेता प्रतिपक्ष** जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल सरकार बागवानों के साथ अन्याय कर रही है। जय राम ने कहा कि मुख्यमंत्री, बागवानी मंत्री और ठियोग के विधायक के बीच बिल्कुल भी आपसी तालमेल नहीं है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि सेब जिस प्रकार बिक रहा था उसी प्रकार बिकेगा। बागवानी मंत्री कहते हैं कि किलो के हिसाब से बिकेगा और उनके विधायक कुछ और ही कहते हैं। इससे बागवानों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सेब बागबान किलो के हिसाब से सेब कैसे बेचेंगे जब उसको तोलने की कोई भी सुविधा मंडियों में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर प्रकार से हिमाचल प्रदेश की इस आपदा के समय मदद की है चाहे वह हेलीकॉप्टर प्रदान करना हो या राहत राशि हो। पर कांग्रेस सरकार ने केंद्र सरकार का धन्यवाद तक नहीं किया। जय राम ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने यह तक कह डाला की आपदा में फसे लोगों को बचाने के लिए आर्मी उपस्थित ही नहीं थी और मुख्यमंत्री उनको बचा कर ले आए।

## खबर संक्षेप

### युवती से किया दुराचार का प्रयास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शौच के लिए झाड में गई युवती को देख कर एक यूवक पहुच कर जमीन पर पटख कर अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार की कोशिश की। किसी तरह युवती शोर मचाते हुए घर में भाग कर अपनी आबरू बचाई। युवती की माता ने युवक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनि का परिवार खेत में धान की रोपाई करने चला गया। घर पर अकेली बेटी थी। बताते हैं कि तभी दोपहर में वह शौच के लिए घर से पचास मीटर दूर झाड में चली गई। बताया गया है कि पहले से ताक में बैठा युवक झाड में जाकर युवती को पकड कर जमीन में पटख दिया और अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार का कोशिश की।युवती धक्का देकर शोर मचाते हुए घर के अन्दर जा कर दरवाजा बंद कर के अपनी आबरू बचा ली। तब कहीं युवती की इज्जत बची। परिजनों के आने पर आप बीती बतायी। युवती की माता ने गांव के अनिल कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय रामनाथ पटेल के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में लग गई है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इंडियन रेड क्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न



अखंड भारत संदेश

**बैठक में सीपीआर हेतु 02 मैनकिन खरीदे जाने की सहमति प्रदान की गयी**

**बाढ़ के दृष्टिगत संगम क्षेत्र के लिए सभी सुविधाओं से युक्त मोटर बोट एम्बुलेंस की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में इंडियन रेड क्रास सोसायटी जिला शाखा प्रयागराज के प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा सीपीआर हेतु मैनकिन (पुतला) क्रय किए जाने के प्रस्ताव रखे जाने पर जिलाधिकारी एवं समिति के सदस्यों ने 02 मैनकिन खरीदे जाने की सहमति प्रदान की। जिलाधिकारी ने विशेष रक्तदान शिविरों के आयोजन के सम्बंध में स्वयंसेवी संगठनों से रक्तदाताओं की सूची तैयार कर उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने ब्लड डोनेशन के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बाढ़ के दृष्टिगत संगम क्षेत्र के लिए मोटर बोट एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव रखने पर जिलाधिकारी ने रेड क्रास सोसायटी के माध्यम से सभी सुविधाओं से युक्त मोटर बोट एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह, समित के सदस्य शिवेन्द्र नाथ मिश्र, नागेन्द्र प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### परास्नातक विषयों में प्रवेश के लिये काउंसिलिंग प्रारम्भ

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में परास्नातक विषयों के लिये काउंसिलिंग गुरूवार को प्रारम्भ हुई। चेयरमैन प्रवेश परीक्षा एवं एडमीशन डा. सी जॉन वेस्ली ने बताया कि प्रथम दिन सभी क्रिश्चियन बच्चों ने काउंसिलिंग में प्रतिभाग किया जबकि मेरिट क्रमांक 01-200 तक के सामान्य बच्चों ने परास्नातक विषयों में प्रवेश हेतु सम्पर्क किया। शुक्रवार को मेरिट क्रमांक 201-400 तक के सामान्य बच्चों को काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु आमंत्रित किया गया है। विशेषज्ञों ने बच्चों को एमटेक, एमबीए, एमएससी, एमएड, एमसीए आदि परास्नातक विषयों के बारे में भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन किया।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विशाल रैली का आयोजन

**प्रयागराज।** को संचारी रोग नियंत्रण माह के अन्तर्गत मऊ सरैया क्षेत्र में नगर निगम प्रयागराज एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों को संचारी रोगों से बचाव हेतु अवगत कराया गया साथ ही पूरे क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। रैली में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह,जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र कुमार गांधी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डीपी सिंह एवं रंजन श्रीवास्तव के साथ सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट की टीम नगर निगम के सफाई कर्मचारियों व मलेरिया विभाग के मलेरिया निरीक्षक व सुपरवाइजर उपस्थित रहे।



## मृतक हुई माता की स्मृति में किसान नेता ने कराया वृहद पौधरोपण

**भारतीय किसान संघ प्रदेश कमेटी के कई पदाधिकारियों ने पहुंचकर व्यक्ति की शोक संवेदना**

**रत्योरा।** भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री काशी प्रांत भोला सिंह के माता का आकस्मिक निधन 13 जुलाई को हो गया था। जिसके क्रम में 21 जुलाई शुक्रवार को मृतक हुई माता रामराजी देवी की स्मृति में किसान नेता भोला सिंह ने भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों से फलदार वृक्ष लगवाए। किसान नेता के माता के निधन पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत जी, प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह, काशी प्रांत के महामंत्री अखिलेश सिंह, कुंवर जी प्रांत संगठन मंत्री सुरेश कुमार सिंह अपर शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट, उर्मिला सिंह पटेल प्रांत महिला प्रमुख भारतीय किसान संघ, मनस्वी सिंह जिला उपाध्यक्ष अवध नारायण सिंह, डॉ अंबिका प्रसाद सिंह, अतुल सिंह राजेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कोरांव भारतीय किसान संघ, धीरज सागर जिला प्रचार प्रमुख भारतीय किसान संघ प्रेमकली, महिमा पटेल एडवोकेट हाईकोर्ट, अंतिमा पटेल तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता, अधिवक्तागण, पत्रकारगण, शिक्षक गण, सामाजिक कार्यकर्ता गण एवं अन्य शुभेच्छुओ ने मिलकर फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात आवास पर पहुंचकर माता जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना व्यक्त की। भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह ने आए हुए सभी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मानव जीवन की खुशहाली के लिए वृक्ष बहुत जरूरी : विधायक

अखंड भारत संदेश

**विधायक ने बहियारी में किया पौधरोपण, एसडीएम व बीडीओ समेत कई अधिकारी रहे मौजूद**



**रत्योरा।** मानव जीवन की खुशहाली एवं शुद्ध वातावरण के लिए वृक्ष बहुत उपयोगी हैं। इसलिए हर व्यक्ति को अपने घरों के आसपास उचित स्थान पर पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने बहियारी कला गांव में वृहद पौधरोपण करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक ने कहा पौधरोपण करने के बाद उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है। देखभाल के अभाव में रोपे गए पौधे या तो सूख जाते हैं या तो पशुओं के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाते हैं। जिससे वृक्षों के कटान की अपेक्षाकृत नए पौधे तैयार नहीं हो रहे हैं। जिसका मानव जीवन के वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों से अपील किया कि जो भी पौधे रोपे जाय उनकी उचित सुरक्षा व देखभाल की जाए। जिससे रोपे हुए पौधे सूखने न पाए। उप जिलाधिकारी अविनाश सिंह यादव ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल तथा सुरक्षा करने की बखूबी जिम्मेदारी निभाने की बात कही। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार विनोद सिंह, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला, संजय सिंह, सुनील कुमार मिश्र,जनार्दन शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि कवि बबलू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधान संघ अध्यक्ष ने सीडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** शुक्रवार को सोरांव विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने एक जुट होकर प्रधान संघ अध्यक्ष लल्लन पासी के अगुवाई में विकास खंड में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रधानों की उपेक्षात्मक रवैए का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज के नाम एक 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपे। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को ग्राम प्रधानों की एक बैठक ब्लॉक स्थित मीटिंग हाल में संपन्न होना था। लेकिन समय से मीटिंग हॉल का दरवाजा न खुलने तथा पेयजल समस्या, बिजली समस्या को लेकर सभी प्रधान आक्रोशित हो गए थे। इतना ही नहीं मीटिंग सभागार से उठकर आए और परिसर में स्थित गांधी स्मृति के पास जमीन पर बैठकर एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों के मुदार्बाद के नारे लगाते हुए प्रधानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, उपेक्षात्मक रवैए का आरोप लगाए थे। हालांकि इस मामले में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, सहायक विकास अधिकारी विजय बहादुर यादव सहित अन्य अधिकारियों ने आक्रोशित प्रधानों को मनाने की कोशिश की लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। इसी बात को लेकर शुक्रवार को बीडीओ के माध्यम से सीडीओ के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी बात को अधिकारियों के संज्ञान में देने दिए। जिसमें मनरेगा कार्यों का समय से भुगतान न होने पर मजदूरों का न मिलना तथा मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए पक्के कार्यों का भुगतान समय से करवाने तथा शौचालयों की सूची सचिव द्वारा अपने मन मुताबिक बनाने व ग्राम पंचायत में तैनात केयरटेकर तथा पंचायत सहायकों द्वारा ग्राम प्रधानों का सम्मान न करने आदि का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिए। तथा जल्द से जल्द ज्ञापन में लिखे गए शर्तों का निराकरण न करवाने पर धरना देने की भी चेतावनी दिए हैं। इस मौके पर प्रधान पति राम गणेश मौर्य, प्रधान पति अवधेश कुशवाहा, प्रधान पुत्र मोनू यादव,प्रधान प्रेम सत्यार्थी, श्याम जी पटेल, संजय यादव, सिद्धार्थ यादव, रविराज सोनकर, जंग बहादुर पटेल, सहित 48 ग्राम पंचायतों के प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## तीन आरोपी भेजे गये जेल

**पुलिस नहीं बरामद कर पाई ट्रक और भैंस, गत दिनों ट्रक सहित 22 भैंस को कानपुर ले जाते समय गायब कर दिया गया था**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा से ट्रक पर लाद कर बाइस भैंसों को कानपुर जाते समय रास्ते मे मजदूर को बंधक बनाकर दस हजार रुपये मोबाइल लूट कर फेंकने वाले आधा दर्जन नामजद आरोपीयो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा के ब्लाक बाजार से गत दिनों मवेशी कारोबारी रईस अहमद बाईस भैंस एक ट्रक पर लदवा कर अपने मजदूर सुरेंद्र कुमार को बैठा कर दस हजार रुपये रास्ते का खर्च दे कर कानपुर के लिए रवाना कर दिया था। बताया गया है कि रास्ते में सफेद स्कार्पियों जो ट्रक चालक की मिलीभगत से नवाबगंज हाईवे पर सुरेंद्र को मार पीट कर जान से मारे की धमकी देते हुए दस हजार रुपये छीन लिए तथा कहे कि मालिक को फोन करके पांच लाख मंगवाओ नहीं तो सारी भैंसें बेच देंगें। पैसा न मिलने पर सुरेंद्र कुमार को ट्रक से नोचे फेंक कर भाग गए थे। जिसपर मवेशी व्योपारी रईस अहमद ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिस में गुरुवार को मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर इंदल यादव, सूर्य प्रकाश ,कांस्टेबल अंकुर यादव ,अर्जुन आदि पुलिसकर्मियों ने ग्राम हरखपुर के पास से मुखबिर खास की सूचना पर मोहम्मद शहबाज उर्फ शेबू पुत्र मोहम्मद शरीफ ग्राम ढेमा मान्धाता प्रतापगढ़, शराफत उर्फ सादिक पुत्र साकिर और गुड्डु पुत्र फहीमुद्दीन निवासीगण हरिडीह थाना सोरांव को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## यूनाइटेड के छात्र का अमेरिका की क्रेयटन यूनिवर्सिटी में चयन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के बी फार्मा के अंतिम वर्ष के मेधावी छात्र पुलकित सहाय को फार्मास्यूटिक्स में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस) की पढ़ाई के लिए अमेरिका के ओमाहा, कैलीफोर्निया स्थित प्रतिष्ठित क्रेयटन यूनिवर्सिटी द्वारा चुना गया है। क्रेयटन यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सोमनाथ सिंह की ओर से पुलकित को इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया है।ऑस्ट्रेलिय बता दें कि कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी ने भी यूजीआई के मेधावी छात्र को मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (एमई) की पढ़ाई के लिए पत्र भेजा था। यूजीआई के यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) कॉलेज के 2019-23 बैच के छात्र पुलकित ने कहा कि वह प्रतिष्ठित क्रेयटन विश्वविद्यालय जो अपने शोध कार्यक्रमों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है में प्रवेश पाकर अतयन्त प्रसन्न हैं। कहा कि यह उनके कैरियर को नई ऊंचीईयां देने में सहायक होगी। पुलकित ने पढ़ाई के दौरान सहयोग देने के लिए यूआईपी के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी और फैकल्टी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। डॉ मुखर्जी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे कॉलेज के छात्र को फार्मास्युटिकल साइंसेज में उच्च अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किया गया है। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने पुलकित को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।

### फेसबुक हैक कर वायरल हुआ भाजपा नेता की झूंठी मौत की खबर

**सहसों।** भाजपा गंगापार मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी की फेसबुक आईडी से उनकी मौत की झूंठी सूचना गुरुवार रात को वायरल होने लगी। यह जानकारी पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। उनके घर पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। झूंसी थाना क्षेत्र के कोतारी गांव निवासी बृजेश कुमार त्रिपाठी की फेसबुक आईडी पर गुरुवार रात से मैसेज वायरल होने लगा कि सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई है। अंतिम संस्कार छतनाग घाट पर होगा। शुक्रवार सुबह होते-होते यह सूचना भाजपाइयों समेत पूरे क्षेत्र में फैल गया। सभी लोग भाग-भाग कर उनके घर पहुंचने लगे। घर पर परिजनों ने बताया कि इस तरह की कोई बात नहीं हुई है। मेजा गए बृजेश त्रिपाठी को जब जानकारी हुई तो उन्होंने फेसबुक पर लिखकर पोस्ट किया कि वह सही और सुरक्षित हैं। उनकी फेसबुक को किसी ने हैक करके इस तरह की गलत सूचना वायरल किया है।

## स्काउटिंग के सभी विषयों को आत्मसात करें : प्राचार्य

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में पांच दिनों तक चला भारत स्काउट गाइड शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने कहा कि स्काउटिंग के सभी विषयों को आत्मसात करें स्काउटिंग की समस्त गतिविधियों में सम्मिलित होकर अच्छे नागरिक बनने की कामना की। शिविर के दौरान छात्रों को स्काउटिंग गाइडिंग के आधार भूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की उत्पत्ति और प्रसार, विभिन्न शाखाएं नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत आदि के साथ साथ विभिन्न प्रकार की तालियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। स्काउट गाइट ताल, पंच ताल, रोकेट, इंजन ताल तथा गांठ तंबू निर्माण सिखाई गई। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में प्रशिक्षक धर्मेंद्र विश्वकर्मा एवं अफशा द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। महाविद्यालय में बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि पांच दिनों के शिविर में जो कुछ सीखा है, उसको असल जिंदगी में उतारें तभी कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक होगा।इस अवसर पर नीरज श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज कुमार एवं बीएड द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### तहसील सोरांव में आयोजित हुआ लेखपालों का विदाई समारोह



**सोरांव।** शुक्रवार को स्थानीय तहसील में 3 लेखपालों के सेवानिवृत्ति के पश्चात मीटिंग सभागार कक्ष में लेखपाल संघ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। तथा उपस्थित लेखपालों ने माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सेवानिवृत्त लेखपाल साथियों का भावभीनी आंखों से विदाई किए। जिसमें सेवानिवृत्त लेखपाल प्रकाश चंद्र मौर्य, लेखपाल मानिक चंद्र व रमाकांत शुक्ला रहे। समारोह में उपजिलाधिकारी गणेश कनौजिया,तहसीलदार, जिला अध्यक्ष राजकुमार सागर, जिलामंत्री अवनीश पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष योगेंद्र, मंत्री यतेंद्र त्रिपाठी, लेखपाल सतेंद्र भूर्तिया, लेखपाल रीना सरोज,लेखपाल दिनेश पटेल, अनूप श्रीवास्तव, मो वारिस, प्रवीण केसरवानी आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### संस्कार भारती प्रयागराज इकाई का हुआ गठन



**सहसों।** संस्कार भारती उत्तर प्रदेश की प्रयागराज जनपद इकाई का गठन शुक्रवार को झूंसी स्थित गौशाला आश्रम में सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें काशी प्रांत के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी की अध्यक्षता में इकाई का गठन संपन्न हुआ। जिसमें गिरजा शंकर राजन को जिला अध्यक्ष चुना गया और गायक विकास इलाहाबादी व अमित यादव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। तथा युवा कवि धनंजय शाश्वत एवं मुक्ति नारायण तिवारी को मंत्री पद के लिए चुना गया। इकाई कार्यसमिति सदस्य के रूप में आशुतोष शुक्ला को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक सुशील राय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाए एवं मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाओं के साथ बधाई भी दी। इस मौके पर प्रमोद जायसवाल एवं आश्रम के प्रबंधक दिनेश जी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध दशा में कारपेंटर लापता, अनहोनी की आशंका



**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में फर्नीचर मिस्त्री के लापता होने से परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है।परिजनों ने मेजा थाने में लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत बंधवा गांव निवासी आसाराम विश्वकर्मा मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहे पर मंगलम फर्नीचर के नाम से दुकान खोल रखी है। बीती रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। शाम साढ़े 7 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया कि मेजारोड चौराहे पर मिलिए। उसके बाद वह अपने छोटे लड़के के साथ बाइक से चौराहे पर पहुंच गए और उनका छोटा लड़का उन्हें चौराहे पर छोड़कर चला गया।तभी से वह लापता हो गया।परिजनों ने पूरी रात हर संभावित स्थानों पर खोजबीन किया लेकिन लापता मिस्त्री का कुछ पता नहीं चल सका। लापता आसाराम के फोन पर घंटी जा रही है, लेकिन फोन नहीं उठा रहा।अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने मेजा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

### प्रमुख प्रतिनिधि ने बीआरसी मेजा में किया वृक्षारोपण



**मेजा।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मेजारोड के सौजन्य से बी आर सी परिसर मेजा में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान बैंक के प्रबंधक श्रीनाथ सिंह ने कहा कि बैंक हमेशा अपनी कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत हर वर्ष वृक्षारोपण का आयोजन करता है।उन्होंने कहा की पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है।इस मौके पर शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी, मंत्री हसीब सिद्दीकी,संदीप तिवारी,अशोक कुमार सुनील कुमार,अखिलेश मिश्र, विवेकानंद, कमला शंकर यादव शिवभान, आशीष श्रीवास्तव, विनय दुबे सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### विरोधियों ने मार पीट कर किया लहूलुहान

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटरा दयाराम में इमामबाड़ा की सफाई करना एक परिवार को भारी पड गया। विरोधियों ने लाठी डंडों से पीट कर दो को घायल कर दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के कटरा दयाराम निवासी मोहम्मद इलियास पुत्र मोहम्मद रफीक का आरोप है कि मोहर्रम को मद्देनजर वह अपने स्वजनों के साथ इमामबाड़ा की सफाई कर रहा था। आरोप है कि तभी विपक्षी उसको भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए तथा लाठी डंडो से उसकी पुत्री सहाना और पुत्र जुल्फिकार को मार पीट कर बुरी तरह घायल कर दिए।

### युवती को बहला फुसलाकर कर एक युवक भगा ले गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में रिश्तेदार के यहा आते जाते एक यूवक अपने जाल में एक युवती फसा कर उसे बहलाफुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता ने यूवक खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके गांव में रानीगंज का एक युवक रिश्तेदार के यहां आते जाते उसकी पुत्री को अपने मायाजाल में फंसा कर लेकर चम्पत हो गया। व्यक्ति ने मऊआइमा थाने में मोहित कुमार पुत्र मोतीलाल ग्राम प्रधान रामनगर थाना रानीगंज प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### देशी शराब की दुकान में दिन रात बेची जा रही शराब

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के तिलईबाजार में स्थित देशी शराब की दुकानदार द्वारा सरकारी समय सारीणी को दर किनार कर रात दिन शराब बेचने का आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तिलईबाजार बाजार स्थित देशी शराब की दुकान खोलने बंद होने का कोई समय सारीणी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि तमाम नियम कानून को धता बताते हुए दुकानदार सुबह पांच बजे खोल देता है तथा रात्रि बारह बजे तक खोले रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि देखावे के लिए दुकान बंद रहती है किन्तु नशेडियों को मांगने पर मिल जाती है।

### महान स्वतंत्रता सेनानी की मनाई गई पुण्यतिथि

**प्रयागराज।** प्रांतीय आवाहन पर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी इलाहाबाद ने शहर अध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में आज मसूरिया दीन पासी की तस्वीर पर गुलपोशी कर उनको को याद किया गया इस मौके पर शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि मसूरिया दीन पासी उत्तर प्रदेश विधानसभा भारत की संविधान सभा और पहले चार भारतीय सांसदों के सदस्य के रूप में उन्होंने देश के लिए काम किया उनका जन्म इलाहाबाद में हुआ वह पासी समुदाय के थे जो कि यूपी में अनुसूचित जाति का दूसरा नंबर का समुदाय है उन्होंने कई बार आजादी की लड़ाई में भाग लिया और कई बार जेल गए। अरशद ने कहा वो मुस्लिम समाज में भी बहुत लोकप्रिय थे जिसके कारण वो अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र फूलपुर लोकसभा सीट से और चायल लोकसभा सीट से सांसद बने थे उनको आज भी अल्पसंख्यक समाज याद करता है। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग के शहर अध्यक्ष मो हसीन, महफूज अहमद, तबरेज अहमद, कामेश्वर सोनकर, विशाल सोनकर,जाहिद नेता, मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, मोहित नेगी, मो फाजिल, मोबिन अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

# रोड एक्सीडेंट में नमाजी की मौत, हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर हुआ फरार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। वह शुक्रवार दोपहर में नमाज पढ़ने के बाद घर के काम से बाजार की तरफ पैदल ही जा रहा था। तभी वाहन की चपेट में आ गया। लोग उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार वाला मौके से फरार हो गया।नगर के पुरामुफ्ती थाना अंतर्गत हटवा गांव निवासी इस्सन मियां ने बताया कि उनके घर पर तकरीबन 20 साल से मंजीद (55) पुत्र इदरीश रहते थे। उन्हीं के घर पर रहकर वह घर का काम धंधा करते थे। शुक्रवार को दोपहर में वह नमाज पढ़ने गए थे। नमाज पढ़ने के बाद वह पैदल ही बाजार की तरफ जा रहे थे।गांव से बाहर कार की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो परिजनों को खबर दी। परिवार के लोग पहुंचे और उन्हें अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पूरामुफ्ती थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि एक्सीडेंट करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## 24 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**प्रयागराज।** युवाओं के लिए सुनहरा मौका आने वाला है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालिय परिसर में 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की कई कंपनियां 335 युवाओं का चयन करेंगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को पूरी तैयारी के साथ सेवायोजन कार्यालय में समय से पहुंचकर रोजगार मेले में सम्मिलित होना है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियां डीएसएस ग्रुप 40 पद, डिजर्व कैरियर केयर प्रा. लि. 40 पद, डस्की स्टैलियन कन्सल्टेंसी सर्विस प्रा.लि. 200 पद, रैपीडो 25 पद एवं एलआईसी आफ इण्डिया 30 पद समेत 335 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएग। मेले में शामिल होने के लिए हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक व आईटीआई डिप्लोमा प्राप्त अभ्यर्थी ही सम्मलित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। अभ्यर्थी रित्तियों से सम्बन्थित जानकारी सेवायोजन पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# प्रतीक्षालय में बैठने के लिए यात्रियों को देना होगा किराया, कानपुर सेंट्रल से शुरू होने जा रही सुविध

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल आदि प्रमुख रेलवे स्टेशनों के प्रतीक्षालय में ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों से रेलवे प्रशासन अब किराया वसूलेगा। महाकुंभ के पूर्व यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। रेलवे द्वारा स्टेशनों के प्रतीक्षालय निजी हाथों में सौंपे जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द ही की जाएगी।अभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उच्च श्रेणी एवं स्लीपर क्लास में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधाओं के लिए ही प्रतीक्षालय होते हैं। जंक्शन की बात करें तो यहां कुल तीन प्रतीक्षालय हैं। इसमें एसी क्लास, स्लीपर एवं महिला यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रतीक्षालय हैं। पीएनआर नंबर और यात्री का नाम वहां मौजूद कर्मचारी के रजिस्टर में नोट कराके उसका उपयोग यात्री करते हैं। यही व्यवस्था देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर लागू है।अब रेलवे प्रतीक्षालयों में सुविधाएं बढ़ाकर इसका शुल्क वसूलेगा। इसके लिए प्रतीक्षालय निजी हाथों में सौंपे जाएंगे। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा। जिसे टेंडर मिलेगा वह प्रति घंटे के हिसाब से यात्रियों से किराया वसूलेगा। किराया कितना लगेगा यह अभी तय नहीं है। माना जा रहा है कि न्यूनतम किराया 10 रुपये प्रति घंटा हो सकता है।इन प्रतीक्षालयों में आराम दायक कुर्सी, एसी, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था, न्यूज पेपर आदि की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। शुल्क देकर चाय, कॉफी एवं स्नैक्स का भी आनंद यात्री ले सकेंगे। इसकी शुरूआत कानपुर सेंट्रल से होने जा रही है। वहां टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। डीआरएम प्रयागराज ने इसकी पुष्टि की है।

# मणिपुर की घटना के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** मणिपुर में कुकी समुदाय की महिलाओं से दरिंदग का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर वहशियों की भीड़ कानून, पुलिस और सरकार सबसे बेखौफ होकर घूम रही है। इस घटना के बाद से विपक्ष सरकार पर हमलावर है। वहीं देशभर में इसके खिलाफ आक्रोश है। इस मामले को लेकर सड़क से लेकर संसद तक कोहराम मचा हुआ है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के अध्यक्ष सुरेश यादव की अगुवाई में जुटे बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने सिविल लाइन्स स्थित धरना स्थल केन्द्र की मोदी सरकार व मणिपुर सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में प्लेकार्ड पकड़े मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति सम्बोधित पत्र थाना प्रभारी सिविल लाइन्स को सौंपा। मणिपुर में हो रही हिंसा के खिलाफ कांग्रेसियों ने वहां की बीजेपी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शाशन लगाने की मांग की। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने कहा की मणिपुर की बेटियों के साथ जो कुछ हुआ है, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। युवतियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार, जघन्य अपराध व यौन हिंसा के खिलाफ देश में आक्रोश है। पार्टी के जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की मणिपुर सीएम की प्रशासनिक विफलता व प्रधानमंत्री की चुप्पी ने मणिपुर को करीब ढाई महीने से नस्लीय हिंसा की चपेट में जलने दिया। इस हिंसा में दो समुदाय कुकी और मैतेई शामिल हैं। मणिपुर में नस्लीय संघर्ष की वजह से हजारों लोग अभी तक विस्थापित हो चुके हैं। प्रदर्शन के दौरानः सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक संजय तिवारी, हसीब अहमद, राकेश पटेल, जितेश मिश्रा, मनोज पासी, रईस अहमद, लाल सिंह पटेल, सुनील यादव, नरेन्द्र आदिवासी, अरशद अली, विजय यादव, एहतेशाम अहमद, रोहित कुशवाहा, संजय पासी, घनश्याम पटेल, संतोष सिंह, समीर पासी, अभिषेक शुक्ला, विक्रम पटेल, शादाब अहमद, अफ्फान असहर, अनिल कुमार, मो०हसीन, नंदू पासी, शहजादुल हक, शाहनवाज असलम, प्रशांत सिंह, अजय उपाध्याय समेत आदि लोग मौजूद रहें।



## फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के भरहुवा गांव में रहने वाले एक अधेड़ की लाश शुक्रवार सुबह फंदे पर लटकते मिली। फंदे पर लटकते अधेड़ की जिंदा होने की आस में परिवार वाले स्वरूपरानी अस्पताल लेकर भागे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्वरूपरानी अस्पताल के चौकी इंचार्ज ने इलाकाई पुलिस को दी। पुलिस घटना की जाँच कर रही है। मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ साहू(40) पुत्र स्व0 रामनरेश साहू ग्राम भरौहा थाना औद्योगिक क्षेत्र का रहने वाला है। बैजनाथ को दो बेटे औ? एक बेटी है। दोनों बेटे छतीसगढ़ में रहते है अपनी बेटी करीना और पत्नी विनीता देवी के साथ गांव में ही रहकर बैजनाथ फुल्की और चाट बेचता था ।कल रात खाना पीना करकर अपनी पत्नी और बेटी के साथ छत पर सोने चला गया सुबह जल्दी उठकर नीचे आकर कमरे के अंदर चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया काफी देर तक जब कमरे से बाहर नही निकला तब पत्नी ने दरवाजा खटखटाया तब भी नही खुला तो खिड़की से झांक कर देखा तो बैजनाथ फंदे से लटका है दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा गया तो महसूस हुआ कि बैजनाथ का सांस चल रहा है परिजन उसको लेकर स्वरूपरानी अस्पताल गए जहाँ डॉक्टरों ने बैजनाथ को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद स्वरूपरानी अस्पताल के चौकी इंचार्ज ने इलाकाई पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के बाद घर वालो को सौप दी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या का कारण पता करने में जुटी है।

# मेजा को हरा-भरा बनाने के लिए करें वृक्षारोपण : एसडीएम



**मेजा रोड।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेजा को हरा-भरा बनाने के अभियान में मेजा में वृक्षारोपण अभियान वृक्षारोपण के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरूआत उरुवा ब्लाक में वृक्षारोपण कर किया। बता दें कि शनिवार को मेजा विधानसभा को हरा-भरा बनाने का कार्य शुरू किया गया। जिसमें उरुवा ब्लाक में भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता, एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा, थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम द्वारा किया गया। एसडीएम मेजा ने कहा कि सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। हर एक व्यक्ति को जरुर पेड़ लगाना चाहिए। एसीपी मेजा ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत ही महत्व है। हम सबको जरुर वृक्षारोपण करना चाहिए और उन पौधों की रक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर जय शंकर पांडेय, उमाशंकर तिवारी (गांधी), मंगला प्रसाद मिश्र,रमाशंकर मिश्र, सुधाकर पांडेय, रमाशंकर निषाद, रंजीत कुमार,महेश मिश्रा, यश सिंह, बऊ आदिवासी, इंद्रजीत कन्नौजीया, डॉ सुरेश चंद्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण का संतुलन वृक्षों से है संभव : उप निदेशक उद्यान

**प्रयागराज।** जनपद के उरुवा विकास खंड के ग्राम सभा शंभूचक में नया सवेरा एक पहल संस्था एवं औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम का उदघाटन कर रहे उप निदेशक उद्यान डा कृष्ण मोहन चौधरी उप निदेशक उद्यान प्रयागराज मंडल प्रयागराज द्वारा वृक्षों की महत्व पर चर्चा करते हुए उपस्थित जनमानस को बताया कि निरंतर दूषित हो रहे पर्यावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षों का रोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है बिना वृक्ष या पौधों के जीवन की कल्पना करना कठिन है कार्यक्रम के अंतर्गत अमरूद नींबू सहजन आंवला कटहल करौंदा आदि के हजारों पेड़ों का रोपण ग्राम सभा के सदस्यों तथा कृषकों के द्वारा किया गया कार्यक्रम में औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी वी के सिंह, विपिन कुमार अन्य तकनीकी सहयोगी एवं नया सवेरा एक पहेली के सदस्य योगेश पटेल, विवेक पटेल, सुभाष सिंह, राजेंद्र पाठक, ज्ञान सिंह, चंदन सिंह, चंद्रबली पटेल, वीरेंद्र सिंह, अभयराज सिंह, सौरभ सिंह राणा आदि लोग उपस्थित रहे

# जंक्शन पर अनियमित यात्रा करने वाले 437 रेल यात्री पकड़े गए

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जंकशन पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों, ट्रेन में व प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने वाले व बिना बुक कराए सामान लेकर जाने वाले यात्रियों को चिह्नित किया गया। ऐसे 437 रेल यात्रियों को पकड़ा गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिभूषण के दिशा निर्देशन में वरिष मंडल वाणिज्य प्रबंधक (द्वितीय) हिमांशु शुक्ला के नैतृत्व में संघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रयागराज जंक्शन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों, ट्रेनों के पैंट्रीकार एवं स्टेशन पर टिकट चेकिंग किया गया। कुल 437 यात्रियों से जुमार्नास्वरुप 2.82 लाख रुपये वसूल किया गया। उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में निर्माण संगठन द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहै कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में निर्माण संगठन द्वारा हिंदी में निष्पादित कार्यों की प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि कार्यालय के कामकाज में भाषा का प्रयोग करते समय पत्राचार, आदेश इत्यादि सभी कार्यों की विषयवस्तु पूरी तरह स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि निचले क्रम के कर्मचारीउन्हें सही तौर पर आत्मसात कर उनका समुचित अनुपालन सुनिश्चित कर सकें। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने निर्माण संगठन द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और राजभाषा प्रदर्शनी एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए दस हजार रुपये तथा रंगोली की उत्कृष्ट साज-सज्जा के लिए ढाई हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रथान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# विद्यालय में मनाया गया सड़क-सुरक्षा पखवाड़ा यातायात नियमो की दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा के अंतर्गत श्री राम प्रताप इण्टर कॉलेज सिरसा में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र और छात्रों द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस कड़ी में आज सभी छात्रों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों तथा उपस्थित अभिभावकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा नियमों के अनुपालनार्थ शपथ ग्रहण किया। दुर्घटना से बचने के लिए दो पहिया चालको के लिए हेलमेट और चार पहिया वालो को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य हैं। प्रधानाचार्य डॉक्टर शिव प्रकाश पाठक ने सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझकर चलना होगा। ताकि कोई लोग हताहत न हो। किसी की जान एक छोटी सी लापरवाही में जा सकती हैं। सावधानी हटी दुर्घटना घटी। जल-जीवन वन महोत्सव के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण के अवसर पर सरकारी पौधशाला से प्राप्त कुल अट्ठारह पौधो का आरोपण करके वृक्षों के महत्व तथा वृक्षों के संरक्षण के लिए भी छात्रों को जागरूक किया। ऐसे ही संचारी रोगों से बचाव तथा शिक्षा से सम्बद्ध विविध सरकारी योजनाओं से भी छात्रों को परिचित कराया गया। डॉक्टर शिव प्रकाश पाठक ने कहा कि जीवन अनमोल हैं। इसे बचना आवश्यक हैं। इसके लिए सड़क सुरक्षा आमलोगों के लिए अनिवार्य हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के अतिरिक्त उग्रेश सिंह, राज नारायण, विजय बहादुर सिंह, लालमणि शुक्ल आदि अध्यापकों के साथ भारी संख्या में अभिभावक उपस्थिति रहे और कार्यक्रम में ट्राफिक नियमो पर विशेषकर प्रकाश डाला गया।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से मिलता कष्टों से छुटकारा



**नैनी।** नैनी के अरैल नंदन तालाब में इन दिनों श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें कथा वाचक स्वामी कमलदास महराज ने शुक्रवार को बताया कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से सभी कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते है व भागवत कथा करने और कराने वालों को मुक्ति दिलाते हैं । मनुष्य योनि से मुक्ति दिलाने का भागवत कथा श्रवण एक बड़ा माध्यम है। भगवान पृथ्वी पर पैदा हुए मनुष्य को अपने जीवन कर्म के आधार पर फल देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्यों का कर्तव्य है कि वह सत्य के पथ पर चलें और कथा मात्र के श्रवण से ही सभी कष्टों से छुटकारा पाएं। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. विनय सिंह, उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह अन्य सहयोगी अवधेश सिंह, बबलू दीक्षित, मनोज साहू, राजेश दीक्षित, संतोष दिक्षित, संजय श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। कथा प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से लेकर 7:00 बजे तक होती है। उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाता है।

## न्यूज झरोखा

### दुर्गावती स्कूल में स्कूल चलो अभियान की हुई शुरूआत




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा में दुर्गावती इन्टरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज गोशौरा कला मेजारोड़ द्वारा बच्चो के अन्दर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जुलूस निकाल कर जन जागरण किया गया। स्कूल चलो अभियान की शुरूआत विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर (श्रीमती) स्वतंत्र मिश्रा ने फीता काटकर किया। विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षक और शिक्षिकाओं के नेतृत्व में बेहद अनु शासित तरीके से, पंक्ति बंध होकर जुलूस के शक्ल में बैन एवं हाथों मे तख्तियाँ जिसमे नारे लिखे हुये थे। दुर्गावती ने ठाना है साक्षर देश बनाता है ।दुर्गावती का नारा है शिक्षा का अधिकार हमारा है आधी रोटी खायेगे स्कूल जरूर जायेंगे हिन्दू मुहिलय सिख ईसाई सब मिलकर के करे पढ़ाई मम्मी पापा हमे पढ़ाओ, स्कूल मे चलकर नाम लिखाये उक्त नारा लगाते हुये छात्र-छात्राओं का हुजूम सड़कों पर उतरा और लोगों से मिलकर जन जागरण किया तथा बच्चों को स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के कोआर्डिनेटर सृजन मिश्रा, अंकुर सिंह जूबी जुबेरिया, प्रिंसी केशरवानी, देविका मिश्रा, सरोज सिंह ,अरविन्द, रिषी, हिमांशु,गौरव आदि लोग थे।

### नैनी में यमुना गंगा के जलस्तर ने बढ़ाई परेशानी



**नैनी।** नैनी में यमुना का जलस्तर गंगा यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी ने घाट किनारे रहने वाले लोगों को परेशान कर दिया है। सुबह आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.08 मीटर रिकार्ड किया गया। यहां पिछले 24 घंटे में 36 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी रिकार्ड की गई है। जबकि छतनाग में गंगा का जलस्तर 77.20 मीटर रिकार्ड किया गया। यहां जलस्तर में 54 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी रिकार्ड की गई। नैनी में यमुना का जलस्तर 77.80 मीटर रिकार्ड किया गया। यहां 24 घंटे में 42 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी रिकार्ड की गई है। जलस्तर में लगतार हो रही बढ़ोतरी से कछारी इलाकों में परेशानी हो रही है। एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह का कहना है कि फिलहाल बाढ़ का खतरा नहीं है। ऐहतियातन लोगों को अलर्ट कर दिया गया है।

### दिव्यांगों बच्चो ने वृक्ष लगा कर उनकी सेवा का लिया संकल्प



**झूंसी।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देश पर पूर्वांचल खादी ग्रामोद्योग झूंसी प्रांगण में गुरुवार को वृक्षरोपण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चो द्वारा विद्यालय प्रांगण में फूल, फल एवं छायादार 100 वृक्ष लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष गोपेश तिवारी ने सभी बच्चो को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने व उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सलोनी, ऋषि, शिवा, शनि, खुशी, प्रज्ञा तिवारी, अक्षत तिवारी, दीपक त्रिपाठी, सूरज गौर, श्वेता, पूनम आदि मौजूद रहे।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 20 बच्चों का चयन



**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रांगण में केंपस सिलेक्शन हुआ जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी यश इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र सम्मिलित हुई कंपनी प्रतिनिधि के रुप में जय प्रकाश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कम्पनी मैं कुल 45 बच्चों ने प्रतिभाग किया और 20 बच्चों का सिलेक्शन लिखित एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार, यूनियन अध्यक्ष नन्द किशोर,सुरक्षा प्रभारी मुहम्मद मुस्तफीज सिद्दीकी, सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा, अनुदेशक भूपेंद्र कुमार यादव,अनुदेशक अमित वर्मा , अनुदेशक अश्वनी कुमार, एवं शिशुक्षु अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### नैनी में अवैध सीरप के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त के पास से एक बैग में अवैध चार पैकेट ओनेरेक्स सीरप( कुल 120 शीशी) व एक की पैड मोबाइल बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी जेल रोड चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी को मुखबिरों द्वारा सूचना मिली कि एक युवक जेल रोड पावर हाउस के पास एक बैग के साथ खड़ा है जो संदिग्ध लग रहा है सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक से सख्ती से पूछताछ की पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मो0 अफजल पुत्र मो0 सलामुद्दीन निवासी 23/108 वार्ड नं0 23 बड़े दरगाह थाना अमहिया जनपद रीवा म0प्र0 बताया। उसके बाद उसके बैग की जांच में उसमे चार पैकेट ओनेरेक्स सीरप(कुल 120 शीशी) व एक अदद की पैड मोबाइल बरामद किया गया उक्त गिरफ्तारी के संबंध में थाना नैनी में मु0अ0स0 383/2023 धारा8/21एनडी पी एस एक्ट व18/27 औषिधि एवम प्रसाधन सामग्री अधि0 1940 पंजीकृत किया गया। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### वन महोत्सव के तहत चित्रकला का आयोजन




**प्रयागराज।** वन महोत्सव के अंतर्गत वन विभाग व जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा ब्रिज बिहारी सहाय विद्या मंदिर में जन जागरुकता और चित्रकाला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य धरती श्रीवास्तव, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, शिक्षक पंकज श्रीवास्तव, जेआरफ श्वेता उपस्थित रही ' कार्यक्रम में 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा विषय पर्यावरण,वृक्षारोपण, नदी आदि पर मनमोहक चित्र बनाए' मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा और आत्मविश्वास में निखारा आता है। डीपीओ ने सभी को बताया वन महोत्सव का उद्देश्य हैं ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में लोग पेड़ लगाएं और एक दूसरे को पेड़ लगाने के लाभ बताएं। जेआरएफ श्वेता ने कहा कि पृथ्वी के कारण हमारी पृथ्वी के वातावरण में समानता बनी रहती है, मिट्टी का कटाव नहीं होता है और ऑक्सीजन मिलती है। अंत में कार्यक्रम का सम्मापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण करवाकर किया गया। शिक्षक कामिनी श्रीवस्तव व ऋचा पांडे का खास सहयोग रहा।

# पौधरोपण अभियान में शिथिलता मिली तो जिम्मेदार नपेंगे: डीएम

## डीएम ने लालगंज में पौधरोपण के महाअभियान की औचक समीक्षा में दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के डीएम ने शुक्रवार को स्थानीय वानिकी प्रभाग में वृहद पौधरोपण अभियान की औचक समीक्षा की। डीएम के अचानक नेशनल हाइवे से लगे वन क्षेत्र मे पहुंचने से महकमे मे हडकंप मच गया।

डीएम प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव दोपहर अचानक नगर पंचायत के शीतलमऊ वन ब्लाक आ धमके। डीएम ने यहां शनिवार से शुरू होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने डीएफओ जेपी श्रीवास्तव को रोपित होने वाले पौधों को सुरक्षित किये जाने तथा नेशनल हाइवे से वन ब्लाक तक पहुंचने के मार्ग को भी सुदृढ़ीकरण कराए जाने के निर्देश दिये। डीएम ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता पर पौधरोपण अभियान को गांव गांव तथा घर घर प्रभावी बनाए जाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम मे भी तेजी लाए जाने को कहा। उन्होनें पौधों की सुरक्षा के लिए कंटीले तार के साथ सिंचाई आदि के प्रबन्धों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जिम्मेदारों को आगाह भी किया। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्रा ने डीएम को बताया कि शनिवार को एक ही दिन में इस वन ब्लाक में तीन हजार नौ सौ अड़तालिस छायादार तथा फलदार वृक्ष रोपित किये जाने का लक्ष्य पूरा होगा। इसके तहत यहां मौलश्री, जामुन, पीपल, कंजी आदि पौध जन सहभागिता के साथ रोपित किया जाएगा। डीएम ने इसके बाद वन विभाग के निरीक्षण गृह में भी वृक्षारोपण महाअभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने पेड़ लगाओं, पेड़ बचाओ जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे संगोष्ठियों के भी आयोजन कराए जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, एसडीएम लालधर सिंह यादव, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। वहीं निरीक्षण गृह में रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी डीएम से मुलाकात कर अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई।



लालगंज में पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते डीएम प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव।

## पेड़ बचाओ नारे के साथ रोटरी क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

### एमडीपीजी में हुआ पौधरोपण, छात्र और वन विभाग बना रैली का हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल की अगुवाई में शुक्रवार को पौधरोपण जनजागरूकता रैली नगर के एमडीपीजी कालेज से पेड़ लगाओ और पेड़ बचाओ के नारे के साथ निकली। इसके पूर्व कालेज प्रांगण में पौधरोपण किया गया। वन विभाग और कालेज के छात्र छात्राएं रैली का हिस्सा रहे।

इस दौरान एसडीओ वन विभाग शेख मुअज्जम ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की और कहा कि 22 जुलाई को मुख्यमंत्री ने तीस करोड़ और पंद्रह अगस्त को पांच करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। रोटरी क्लब के उपाध्यक्ष अश्विनी केसरवानी ने पौधों के संरक्षण पर प्रकाश डाला। कालेज के प्रबंधक प्रमन मिश्रा ने छात्रों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। रैली में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रो. राजेन्द्र खण्डेलवाल एवं रो. शरद केसरवानी, सचिव रो.अख्तर मसूद शर्फुद्दीन, महाविद्यालय के मंत्री आनंद पाण्डेय, प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र, प्रो.शैलेश पाण्डेय, प्रो.माया, प्रो.रश्मि, सहित महाविद्यालय परिवार के आचार्य, छात्र-छात्राएं और वन दरोगा आशीष सिंह सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।





एमडीपीजी कालेज में पौधरोपण करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

## शंकराचार्य के आवाहन पर आज निकलेगी आदि विष्वेष्वर डोली रथ यात्रा

### रथयात्रा के राष्ट्रीय प्रभारी शैलेन्द्र योगी ने की प्रेसवार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेष्वरानंद सरस्वती के निर्देष पर 22 जुलाई को शहर के बलीपुर स्थित दुर्गा मंदिर से आदि विष्वेष्वर की सांकेतिक डोली रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी विष्वेष्वर डोली यात्रा के राष्ट्रीय प्रभारी शैलेन्द्र योगी राज ने नगर के एक होटल में पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि काषी की ज्ञानवापी में पूर्व काल में विराजमान में आदि विष्वेष्वर प्रभु विष्वनाथ एक वर्ष पहले 16 मई 2022 को प्रकट हुए और इसी दिन न्यायालय द्वारा घोषित कमेटी के संरक्षण में ज्ञानवापी के वजुखाने के कुएं में एक आदि विष्वेष्वर का षिवलिंग मिला लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद इस शिवलिंग भगवान का पूजा पाठ राजभोग नहीं हो पा रहा है जिससे मर्माहट जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेष्वरानंद सरस्वती ने पूरे देष में विष्वेष्वर डोली रथ निकालने का निर्देष दिया है। उन्होंने बताया कि गांव व शहरों से 11 लाख षिवलिंग की काषी में स्थापना कर पूजा अर्चना का लक्ष्य रखा गया है। डोली रथ यात्रा के राष्ट्रीय प्रभारी शैलेन्द्र योगी राज ने मांग की है कि विष्वेष्वर की पूजा अर्चन, राजभोग व पूजन का अधिकारी धर्मावलम्बियों को प्रदान किया जाए। पत्रकारवार्ता में धमार्चार्य ओम प्रकाष पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य आलोक ऋषिवेष, आचार्य रंजन साण्डिल्य आदि मौजूद रहे।



पत्रकारवार्ता में बोलते रथयात्रा के राष्ट्रीय प्रभारी शैलेन्द्र योगी।

## 207 कछुआ के साथ जीआरपी ने दो तस्कर पकड़े

### वन विभाग को सौंपे गए कछुए, सई नदी में छोड़ने की तैयारी, मालदा टाउन ट्रेन से कोलकाता ले जाने की थी तैयारी



कछुओं के साथ पकडे.गये कछुआ तस्कर।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जीआरपी ने कछुआ तस्करी करके ले जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इनके कब्जे से बैग और पोटली में बंद 207 कछुओं को आजाद कराकर उन्हें वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी कानूनी लिखा पढ़ी करके कछुओं की सई नदी में छोड़ने की तैयारी में है।

जीआरपी एसओ अरुण सिंह उपनिरीक्षक राम जी के साथ मयफोर्स प्लेटफार्म दो पर गश्त कर रहे थे। इसी बीच पुलिस वालों की नजर एक जगह काफी संख्या में रखे बैग और पोटली पर पड़ी। ध्यान से देखा तो बैग के अंदर कुछ चल रहा था। उन्हें शक हुआ। पुलिस को बैग की तरफ आता देख आसपास खड़े लोग भागना शुरू किए। उनमें से दो को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। उनके साथ सारा सामान थाने पर लाया गया। बैग को खोलकर देखा गया तो उसमें कछुआ भरे थे।

जो पोटली का मुंह खुलते ही बाहर निकलकर भागने लगे। पकड़े गए दोनो तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग कछुआ को तस्करी करके कोलकाता और पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे। स्टेशन पर मालदा ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। तभी पकड़ लिए गए। एसओ जीआरपी अरुण सिंह ने बताया कि पकड़े गए दो तस्कर सोनू और मेहराची पकड़ी जिला सुल्तानपुर के हैं। इनके कब्जे से 207 कछुए जो कि बैग और बोरी में भरे थे। बरामद किया गया है। वन विभाग वालों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया है। कछुओं की बाजार में कीमत के बारे में जानने के लिए डीएफओ को फोन किया तो उन्होंने बताया की अभी जांच पड़ताल चल रही है। इस सफलता पर सीओ जीआरपी संजीव सिन्हा ने पुलिस टीम की सराहना की है।

### छह घंटे बाद पहुंची वन विभाग की टीम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जीआरपी वालों के फोन करने के करीब छः घंटे बाद करीब दो बजे के बाद वन विभाग की टीम थाने पहुंची। गर्मी में कैद कछुओं की हालत खराब हो गई थी। जैसे ही टीम ने बैग खोला कछुए बाहर निकलने के लिए बेताब दिखे। वन एसडीओ शेख मुज्जम के अनुसार 22 जुलाई को पौधरोपण की तैयारी में सब बिजी हैं।

### ट्रेन लेट हो गई और पकड़े गए

**प्रतापगढ़।** बनारस जाने वाली 14004 मालदा टाउन ट्रेन अगर लेट न होती तो कछुआ तस्कर पकड़ में न आते। तस्कर रात में प्लेटफार्म के अंदर दाखिल हो गए थे। सुबह ट्रेन से निकल जाने की तैयारी थी। संयोग से ट्रेन करीब तीन घंटा लेट हो गई और वे पुलिस के हाथ लग गए। ट्रेन का समय साढ़े पांच का है। उस समय पुलिस नहीं थी। आसानी से निकल जाते।

## आईजी व पुलिस अधीक्षक पहुँचे शेखपुर आशिक गांव

### छावनी मे तब्दील हुआ शेखपुर आशिक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मोहर्रम के पर्व पर सुर्खियों मे छाया हुआ शेखपुर आशिक मे अचानक खाकी की चहल पहल बढ़ जाने से लोग हैरत मे आ गये। लगातार 7-8 वर्षो से लगातार मोहर्रम को सम्पन कराने मे पुलिस को काफी मषक्कत करनी पड़ती है। बीते तीन चार दिनों से खाकी की चहल कदमी बढ़ने से एक बार फिर सुर्खियों मे शेखपुर आशिक आ गया जहां गुरुवार को प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश ने प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ शेखपुर आशिक व मोहर्रम को लेकर कुंडा कोतवाली मे बैठक किया और शेखपुर आशिक गांव पहुँचे जहां स्थानीय लोगों से बात चीत करके त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अपील करते हुए सहयोग मांगा।

मालूम हो कि मोहर्रम के पर्व को देखते हुए एस पी सतपाल अंतिल व एडीशनल एसपी रोहित मिश्रा, एसडीएम अवनीश त्रिपाठी,सीओ अजीत कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल स्थानीय लोगो के साथ बराबर बात चीत करके त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से आपसी भाई चारा के साथ सम्पन्न करने की अपील कर रहे है।

बता दें कि न्यायालय व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क किनारे शेखपुर आशिक मे मजहवी गेट बनाये जाने पर रोक लगा दी है, जिससे विशेष समुदाय के लोगो मे शासन प्रशासन के प्रति नाराजगी है। 29 जुलाई को पड़ने वाले मोहर्म त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पुरी तरह मुस्तैदी से कड़ी चैकसी बरतें हुए है जो पुलिस के लिये किसी बड़ी चुनौती से कम नही है।



शेखपुर आशिक गांव में भ्रमण करते आईजी व एसपी।

## प्रधानाध्यापक ने छात्राओं को डाटा तो दबंगों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को पीटकर किया जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्कूल में देर से आने पर प्रधानाध्यापक में कक्षा पांच की दो छात्राओं को डांट फटकार लगाई तो दोनों घर चली गई और घरवालों के यह बात बताई जिससे दो आरोपी स्कूल में पहुंचकर प्रधानाध्यापक को लात घूसों से जमकर मारा पीटा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड पट्टी के पूरेबसन गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में मिठाई लाल प्रभारी प्रधानाध्यापक है। शुक्रवार को उन्होंने प्रेयर होने के बाद पहुंची दो छात्राओं को देर से आने का कारण पूछते हुए डांट फटकार लगाई जिससे दोनों नाराज होकर घर चली गई और अपने अभिभावकों को यह बात बताई इससे नाराज होकर हरिकेश चैरसिया तथा राजेश चैरसिया विद्यालय में पहुंचे और प्रभारी प्रधानाध्यापक मिठाई लाल को लात घूसों से मारते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया । इसकी सूचना प्राथमिक शिक्षक संघ तथा माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों को मिली तो तुरंत पट्टी थाने पर पहुंचकर घेराव शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी शुरू की। पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह ने शिक्षकों की मांग और उनके आक्रोश को देखते हुए मारपीट गाली-गलौज जान से मारने की धमकी तथा सरकारी काम में बाधा तथा अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### वैकुम बाटल ब्लास्ट होने से बिजली के लिए मचा हाहाकार

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ फीडर से जुड़े जनवामऊ फीडर मे गुरुवार की रात लगभग दो बजे आपूर्ति के समय वैकुम बाटल ब्लास्ट हो जाने से जनवामऊ फीडर से जुड़े क्षेत्र परियावा, जनवामऊ, गौरी, छिंदौरा सेखवापुर आदि गांव की बिजली आपूर्ति बन्द हो गई जिससे उपभोक्ता रात भर भीषण गर्मी मे तड़पते रहे। गुरुवार की रात ब्लास्ट हुई आपूर्ति शुक्रवार की शाम समाचार भेजे जाने तक बहाल नहीं हो सकी। आपूर्ति बहाल कराने मे एसडीओ अनिल कुमार यादव व जेई अपने लाइनमैंन के साथ लगे रहे।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा की जांच के लिए सांसद विनोद सोनकर बनाए गए चेयरमैन

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावो हुई भीषण हिंसा एवं निर्दोषों की हत्या की जांच के लिए पार्टी के अनुसूचित जाति के सांसदों के एक जांच समिति का गठन किया गया है। जिसमें सांसद विनोद सोनकर को जांच समिति का चेयरमैन बनाया गया है। जांच समिति जल्द ही पश्चिम बंगाल के हिंसा ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगी तथा विशेष कर इस हिंसा से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिजनों से बात चीत कर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा को सौपेगी। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने दी है।



सांसद विनोद सोनकर।

## धान की रोपाई से इंकार करने पर महिला को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों ने जबरन धान की रोपाई के लिए दबाव बनाया तो महिला ने इंकार कर दिया जिससे नाराज होकर दबंगों ने महिला को पीटकर जख्मी कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुशहा गांव के दिनेशं कुमार ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के कुछ लोग उसकी पत्नी को जबरन धान की रोपाई के लिए दबाव बना रहे थे उसने जब इसके लिए साफ इंकार कर दिया तो सभी लोग एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारते हुए उसे जख्मी कर दिया तथा उसके साथ अश्लील हरकत किया। दिनेश ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## जच्चा बच्चा की मौत पर जागा स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग होम सील

### प्रसव के दौरान हुई थी विवाहिता की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की आँख के सामने क्षेत्र मे चल रहे अवैध रूप से नर्सिंग होम मे सोमवार को प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा दोनो की मौत होने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया और सीएमओ के निर्देश पर जाँच टीम नर्सिंग होम जाँच पड़ताल करने पंहुच गई।

बता दे कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां गडरियन का पुरवा निवासी गुलाब सोनकर की पुत्री संगीता सोनकर की शादी वर्ष 2014 मे उक्त थाना क्षेत्र के भिटारी गांव परियावां निवासी नन्हे सोनकर के साथ हुई थी। संगीता के गर्भवती होने पर प्रसव के लिये उसे बाजिदपुर कोटरा मोड़ पर खुले अवैध रूप से अभय दीप नर्सिंग होम मे भर्ती कर दिया, जहां पर चिकित्सको द्वारा समुचित उपचार न होने जब संगीता अपने पति गोविंद से कही और ले चलने के लिए कहने लगी जिस पर पति तैयार नही हुए और न ही नर्सिंग होम के चिकित्सक उपचार कर सके जिससे रात मे जच्चा बच्चा दोनो की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही संगीता के मायके वालो मे कोहराम मच गया सभी नर्सिंग पहुंच गये जहा से शव को ससुराल वाले अपने घर ले गये। संगीता के भाई सुजीत व पिता गुलाब का कहना था कि जब डिलेवरी के लिए नर्सिंग होम मे भर्ती किया तो हम लोगो को जानकारी नही दी नही तो हम लोग सगीता को कही बाहर ले जाते जिससे संगीता व बच्चे की मौत न होती परिजनों ने दामाद गोविंद व नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ घटना की तहरीर नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी को दिया जिस पर पुलिस ने दामाद व नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पी एम के भेजा। बुधवार को शव का अंतिम संस्कार भारी संख्या मे पुलिस की मौजूदगी मे होने के बाद गुरुवार को सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम बाजिदपुर अभय दीप हॉस्पिटल पंहुचे जिसमे डिप्टी सीएमओ राजेश कुमार, एआरओ राम गोपाल चैधरी व सीएचसी अधीक्षक कालाकांकर डा0 मनोज कुमार वर्मा अपने टीम के साथ जाँच पड़ताल किया जाँच पड़ताल के दौरान हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन एक्सपायर व प्रसव को अवैध रूप से कराने का मामला प्रकाश मे आया जिसकी रिपोर्ट सीएमओ प्रतापगढ़ को भेज दिया और हॉस्पिटल को सील कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की इस कारवाई से आस पास के अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर्स व नर्सिंग होम के संचालको मे हड़कंप मचा रहा।

### विषधर के काटने से किसान की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुसुवापुर निवासी हरीलाल पुत्र पंचम सरोज (38) वर्षीय गुरुवार को अपने खेत मे धान की रोपाई के लियें नर्सरी से बहन निकाल रहा था कि अचानक किसी विषधर के काटने से अचेत हो गया जिसे परिजन लोग स्थानीय पी एस सी कुसुवापुर ले गये जहां चिकित्सकों ने हरीलाल को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक हरीलाल के दो लड़की व एक लड़का है। ग्राम प्रधान बब्लू यादव ने पीड़ित परिवार को दैवी आपदा राहत कोष से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

## खून से लथपथ घायल मिले युवक का उपचार के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के शेखरा गांव निवासी रंजीत पटेल पुत्र देशराज पटेल (25) वर्षीय बुधवार की शाम निमंत्रण मे खाना खाने मगरहर गांव गया था। जहा रंजीत से एक ब्यक्ति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिस पर रंजीत खून से लथपथ कालू सिंह का पुरवा गांव के पास सड़क के खड़ंजा किनारे गड्ढे मे मिला जिसके शरीर मे कई जगह से खून निकल रहा था गुरुवार की सुबह शौच के लिए गई महिलाओ की नजर युवक पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। उसे घायल अवस्था मे परिजनों ने ग्रामीणो की मदद से सीएससी संग्रामगढ़ ले गये जहा चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। हालत नाजुक देख चिकित्सको ने स्वरुपरानी प्रयागराज भेज दिया जहां उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक रंजीत पटेल के छोटे भाई लव कुश पटेल पुत्र देशराज पटेल ने शेखरा गांव निवासी अनिल पटेल पुत्र कमलेश पटेल व बिजलीपुर बनगढ़वा गांव निवासी धीरेन्द्र पटेल पुत्र छोटेलाल के खिलाफ घटना की नामजद तहरीर दिया जिस पर पुलिस दोनो नामजद आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की शादी हो चुकी है जिसके कोई बच्चे नही है। घटना को लेकर परिजनों मे आक्रोश है। घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा सुनाई दे रही है जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हकीकत सामने आएगी।

## दुराचार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कांशीराम कालोनी की बिटिया के साथ दुराचार करने के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। 6 दिन आँख मिचोली खेलने के बाद आखिरकार आरोपी हिमांशु गुप्ता को पट्टी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बीते 12 जुलाई को हिमांशु गुप्ता पर कालोनी की रहने वाली 13 साल की बच्ची के साथ दुराचार करने का आरोप लगा था, पट्टी कोतवाली में मामले की शिकायत 15 जुलाई को हुई थी, 21 जुलाई को पट्टी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद आज आएंगे कौशाम्बी

**अझुवा कौशाम्बी** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार 22 जुलाई को कौशाम्बी आएंगे। पुलिस लाइन में उनका हेली कॉप्टर लैंड करेगा। यहाँ से कार से वह भवन्स मेहता विद्यालय भरवारी में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद कांशीराम गेस्ट हाऊस में विश्राम करेंगे। फिर प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेगें।

### डीपीआरओ कौशांबी का हुआ स्थानांतरण

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. बाल गोविंद श्री वास्तव को तत्काल प्रभाव से हटाया गया।कौशाम्बी से हटा कर प्रयागराज में तैनाती दी गई अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने तबादला आदेश जारी किया है। प्रतापगढ़ में तैनात रहे रविशंकर द्विवेदी को कौशाम्बी का जिला पंचायत राज अधिकारी बनाया गया है अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने तत्काल ज्वाइन करने का पत्र जारी किया।

# लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधारोपण सुनिश्चित कराने के आयुक्त ने दिए निर्देश

**मण्डलायुक्त ने की जिला वृक्षारोपण समिति के साथ बैठक**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त द्वारा उदयन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति के साथ बैठक की गई बैठक में मण्डलायुक्त ने वृहद वृक्षारोपण के लिए लक्ष्य के सापेक्ष विभागवार कार्ययोजना के अनुसार अब तक की गई तैयारियों यथा-गड्ढे की खुदाई, पौधां का उठान एवं चिन्हित स्थलवार पौधारोपण की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान कर शत-प्रतिशत पौधारोपण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण का कार्य मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव ने मण्डलायुक्त को वृहद पौधारोपण की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार 22 जुलाई 2023 एवं 15 अगस्त 2023 को बृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाना है। 22 जुलाई को 21 लाख 98 हजार 967 पौधारोपण तथा 15 अगस्त 2023 को 3 लाख 66 हजार 623 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पौधारोपण के लिए विभागवार की गई कार्यवाही यथा-पौधों की उपलब्धता एवं पौधों का उठान आदि की भी जानकारी दी।इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### मण्डलायुक्त ने वृहद पौधारोपण के लिए अब तक की गई तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा

कौशाम्बी मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त ने शुक्रवार को जनपद कौशाम्बी में वृहद पौधारोपण के लिए की गई तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने ग्राम-बरई सलेम में वन विभाग की पौधशाला के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी श्री आर0एस0 यादव से पौधों की उपलब्धता एवं पौधों के उठान आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने वृहद पौधारोपण के लिए ग्राम-दरवेशपुर में चिन्हित स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

## जन समस्याओं का त्वरित गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : मण्डलायुक्त

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त ने शुक्रवार को तहसील मंझनपुर में जनसुनवाई करते हुए आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। जनसुनवाई में कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में शिकायतकर्ता केदारनाथ, निवासी ग्राम-जगन्नाथपुर ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि चकमार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त ने नायब तहसीलदार को जॉच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता शकुन्तला देवी, निवासिनी ग्राम-पुनवार ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर विपक्षीगणों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त ने तहसीलदार को प्रकरण की जॉच कर शिकायत निस्तारित करने के निर्देश दियें। शिकायतकर्ता सतेन्द्र ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि विपक्षीगणों द्वारा तालाबी नम्बर पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है तथा उनकी भूमिधरी पर भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर मण्डलायुक्त ने नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी मंझनपुर को तालाब की पैमाइश कराकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दियें।इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दुस्साहस : न्यायिक अभिरक्षा से आरोपी को उठा ले गई पुलिस

अखंड भारत संदेश

**सीजेएम कोर्ट के अंदर से आरोपी को पुलिस द्वारा ले जाने पर भड़के अधिवक्ता**



**कौशाम्बी।** हत्या एवं लूट के आरोपी को सीजेएम कोर्ट में हाजिर कराने के लिए आरोपी को कोर्ट के अंदर अधिवक्ता लेकर पहुचे, इस दौरान कौशाम्बी थाना पुलिस एवं एसओजी की टीम कोर्ट के अंदर पहुची, और आरोपी को कोर्ट के अंदर से खीच कर बाहर लाई और गाड़ी में बैठा कर लेकर चली गई। पुलिस के इस दुस्साहस पर अधिवक्ता भड़क गए इस बात को लेकर अधिवक्ताओ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अधिवक्ता जिलाजज कार्यालय के सामने धरना में बैठ गये, अधिवक्ताओ ने मांग किया कि कोर्ट से ले गये आरोपी को पुलिस वापस लाये, और आरोपी के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किया जाए। अधिवक्ताओ की मांग पर जिलाजज ने पुलिस कप्तान से वार्ता किया और कहा कि आरोपी को पुलिस वापस लाये, पुलिस कप्तान ने आरोपी को वापस कराया और उसे कोर्ट में हाजिर कर दिया गया। इस दौरान आरोपी के अधिवक्ता ने सीजेएम को तहरीर देकर पुलिस एवं एसओजी टीम सहित दो नामजद एवं आठ अज्ञात के खिलाफ कारवाई किए जाने की मांग किया है। बताते चलें कि ज्ञान चन्द सरोज पुत्र राम औतार निवासी सनौली उपरपुर थाना पश्चिम शरीरा के खिलाफ कौशाम्बी थाने में अपराध संख्या 08 सन 2023 के तहत धारा 302 के तहत केस दर्ज है। आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट भी भेज दी अधिवक्ता अभिषेक त्रिपाठी आरोपी ज्ञान चन्द को सीजेएम कोर्ट में हाजिर करने के लिए लेकर गये। वह जैसे ही कोर्ट के अंदर पहुचे, और आरोपी को हाजिर करने लगे, तभी पुलिस एवं एसओजी की टीम वहा पर पहुच गई, और ज्ञान चन्द सरोज को पकड कर घसीटते हुए बाहर लेकर आये, और गाड़ी में बैठा कर चले गये। इसकी जानकारी जब अधिवक्ताओ को हुई तो अधिवक्ताओ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अधिवक्ताओ ने मांग किया कि आरोपी ज्ञान चन्द को पुलिस वापस लेकर आये, और कोर्ट के अंदर से जबरिया आरोपी को ले जाने वालों के खिलाफ कारवाई किया जाय। अधिवक्ताओ की मांग पर जिलाजज ने पुलिस कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव से वार्ता किया और कहा कि आरोपी को कोर्ट में वापस लाया जाय, पुलिस कप्तान ने तत्काल आरोपी ज्ञान चन्द सरोज को वापस बुलाया, और कोर्ट में वापस करा दिया इस दौरान अधिवक्ता अभिषेक त्रिपाठी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिलीप यादव सिपाही व सुभाष कुमार के साथ एसओजी की टीम सहित आठ अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट करने का केस दर्ज किया जाय। अधिवक्ता की तहरीर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कारवाई किए जाने का आश्वासन दिया बहरहाल देर शाम तक अधिवक्ता की तहरीर पर केस दर्ज नहीं किया गया है। मामले को लेकर पुलिस कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव से बात किया गया तो उनका कहना है, कि प्रकरण की जानकारी हुई है, इसकी जांच अपर पुलिस कप्तान समर बहादुर को दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो जायेगा, कि मामले में किसने गलती किया है, अगर गलती मिली तो कार्यवाही किया जायेगा।

### खेत में काम कर रहे किसानों पर प्राणघातक हमला तीन लहूलुहान

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत कशिया पूरब ग्राम सभा में खेतों में काम कर रहे किसानों पर शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे दबंगों ने प्राणघातक हमला कर दिया है इस हमले में दो भाई सहित एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है और आरोपियों से सांठगांठ की चर्चा पुलिस की हो रही है प्राणघातक हमले के आरोपियों को बचाने के लिए दलाल सक्रिय हो गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कशिया पूरब गांव निवासी छोटकू वा बड़े लाल पुत्र बेनी वा बड़े लाल की पत्नी शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे खेत पर काम करने गए थे बताया जाता है कि खेत में मेड का विवाद है पहले भी यह विवाद पुलिस चौकी मूरतगंज तक पहुंच चुका है लेकिन पुलिस चौकी केवल तमाशबीन बनी रह गयी थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस और आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बाद भी मामले का निस्तारण राजस्व और पुलिस विभाग नहीं कर सका शुक्रवार की सुबह जैसे ही बड़े लाल अपने भाई और पत्नी के साथ खेत पर पहुंचा इसी बीच बिरोधी फूलचंद अपने बेटों और अन्य लोगों के साथ कुल्हाड़ी लाठी डंडा लेकर छोटकू के खेत पर पहुंच गए गाली गलौज करते हुए छोटकू बड़े लाल और बड़े लाल की पत्नी पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया खेत में काम कर रहे किसान कुछ समझ पाते तब तक उन पर प्राणघातक हमला कर दिया गया लाठियों की पिटाई से तीनों को जमीन पर गिरा दिया गया तीनों खून से लथपथ हो गए इस हमले में बड़े लाल छोटकू और बड़े लाल की पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं तीनों खून से लहूलुहान हो कर तड़पते रहे घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने तीनों को पुलिस चौकी पहुंचाया जहां से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## न्यूज झरोखा

### विश्व शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में काजीपुर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन




**कौशाम्बी।** विश्व शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में 20 जुलाई को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ के के तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया यह प्रतियोगिता पांच चक्र में की गई जिसके परिणाम निम्न हैं पहले स्थान पर राधे कृष्ण त्रिपाठी दूसरे स्थान पर कुमारी सलोनी तीसरे स्थान पर शिवांश चौथे स्थान पर वीर यादव पांचवें स्थान पर शिवांश यादव छठे स्थान पर हर्ष साहू सातवें स्थान पर तुषा त्रिपाठी आठवें स्थान पर अत्री नारायण नौवें स्थान पर देवेन्द्र पाण्डेय दशवे स्थान पर अभिनव रहे सचिव राघवेन्द्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव राघवेन्द्र शुक्ल, राहुल शुक्ल,राकेश मालवीय,हबीब, नकुल तिवारी, फातिमा आदि लोग मौजूद रहे

### अटल आवासीय विद्यालय में कौशांबी के 14 छात्र चयनित



**कौशाम्बी।** अटल आवासीय विद्यालय कक्षा-06 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में जनपद के सफल 14 छात्र छात्राओं-विपिन कुमार, मनीष, अतुल, सत्यम कुमार, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, निरंकार सरोज, रजत कमल, अर्चना, निधि कुशवाहा, शिवानी, साक्षी, नीरज कुमार एवं रंजना की अटल आवासीय विद्यालय बेलहट, कोरांव में प्रवेश के लिए काउन्सलिंग हुई। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के खिले चेहरें। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने दी।

### ट्रकों की ओवरटेक में वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों की ओवरटेक में एक वृद्ध महिला गंभीर घायल हो गई जानकारी के मुताबिक रामपती उम्र 58 वर्ष पत्नी भोषन लाल निवासी त्रिलोक पुर सैनी शुक्रवार को किसी काम से अझुवा आई थी राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे के निकट डिवाइडर के किनारे खड़ी हो गई दो ट्रक स्पीड में ओवरटेक करने लगे इस ओवर टेक में एक ट्रक की डीजल टंकी फट कर गिर गई वृद्ध महिला का एक पैर ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया जिससे महिला का पैर छतिग्रस्त हो गया मौके पर तमाम राहगीरों ,नगरवासियों की भीड़ जुट गई स्थानीय चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल वृद्ध महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेज कर कार्वाई में जुट गई है,लोगो के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग में बने डिवाइडर से अनगिनत हादसे हुए हैं आज का हादसा भी डिवाइडर की वजह से हुआ है।

### बहू के विधवा होते ही ससुर की जागी जवानी

**चायल कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा के मजरा कूड़ा पुर में एक युवती के पति की मौत होने के कुछ दिन बाद ही युवती के ससुर सियालाल की जवानी जाग गई है और विधवा बहू को साथ रखने के लिए दबाव बना रहा है आए दिन विधवा बहू के साथ छेड़खानी अश्लील हरकत ससुर द्वारा की जा रही है 4 बच्चों की अम्मा इस विधवा युवती ने ससुर की हरकत का विरोध किया जिस पर विधवा युवती को ससुर ने गाली गलौज कर बेरहमी से पीट दिया है मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया है पुलिस को तहरीर देकर विधवा ने बताया कि उसके पति के मरने के 6 महीने बाद 20 जुलाई को ससुर उसके साथ अश्लील हरकत करता है विरोध करने पर गाली गलौज मारपीट किया है और पति के मरने के बाद ससुर घर से भगाने को तैयार है।

### शिकायत पर ससुराली जनों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**चायल कौशांबी** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर देह माफी गांव निवासी नीता देवी पत्नी प्रमोद कुमार अपने पति समेत ससुराली जनों से प्रताड़ित है कई बार महिला के साथ मारपीट की गई है ससुराली जनों की पिटाई से पीड़ित विवाहिता बीते 9 महीने से अपने बच्चों को लेकर मायके बिलासपुर में रह रही है ससुराली जनों से पीड़ित विवाहिता ने मामले की सूचना पुलिस को दिया पुलिस ने ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर बालिका के अब्बू को पीटा

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के राला बजहा गांव में एक बालिका से गांव के युवक छेड़खानी कर रहे थे जिसका विरोध बालिका के अब्बू अम्मी ने किया इस बात को लेकर दोनों पक्ष के बीच तनातनी का माहौल बन गया बालिका के अब्बू 20 जुलाई को दोपहर शौच क्रिया के लिए खेत की ओर गए थे वह वापस घर लौट रहे थे छेड़खानी करने वाले युवक अपने पूरे कुनबे के साथ रास्ते में बालिका के अब्बू को रोक लिया और लाठी डंडे से जमकर पीटा बालिका के अब्बू भाग घर पहुंचे जहां उनके घर में भी हमलावर घुस गए और बालिका के अब्बू को बेरहमी से पीट दिया इस हमले में बालिका के अब्बू को गंभीर चोटें आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई पुलिस में आधा दर्जन हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सिराथू में अंडरपास पुल का सर्वे शुरू

**अझुवा कौशाम्बी** रेलवे स्टेशन सिराथू पर अंडरपास पुल बनाए जाने के प्रक्रिया शुरू हो गई है राजस्व विभाग लोक निर्माण विभाग और रेलवे विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सिराथू में सर्वेक्षण कराया गया है अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नाप और चिन्हांकन किया है रेलवे के इंजीनियर ने सर्वे के दौरान प्रभावित परिवारों की सूची बनाई है बताया जाता है कि अंडरपास पुल बनाने में 31 परिवार प्रभावित हो रहा है जिसकी सूचना सर्वे टीम ने अधिकारियों को दे दी है अंडरपास पुल बनाए जाने में उत्तर से दक्षिण 70 मीटर और पश्चिम दिशा में 20 मीटर का चिन्हांकन सर्वे टीम ने किया है।

# पत्रकार के पिता के अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के कल्यानपुर निवासी पत्रकार नथन सिंह पटेल के पिता रामदीन पटेल उम्र लगभग 100 वर्ष पुत्र माता बदल पटेल मूलनिवासी शिवपुर अहिरारा गुरुवार को हृदय गति रुक जाने से स्वर्गवासी हो गए अपने पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं इलाके के वह सबसे वृद्ध व्यक्ति थे और 100 वर्ष की उम्र पार कर स्वर्गलोक वासी हो गए है कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे रामदीन पटेल के स्वर्गलोक वासी होने की जानकारी मिलने के बाद उनके घर पर रिश्तेदार नातेदार परिचित शुभचिंतकों का जमावड़ा उनके घर पर लगा रहा शुक्रवार की सुबह उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी अंतिम यात्रा में अश्रुपूरित आंखों से सैकड़ों लोग शामिल हुए शव बगीचे में पहुंचा जहां हिंदू विधि विधान से संस्कार कर्मकार कर अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई इस दौरान क्षेत्र का भारी हुजूम उनके अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ा अंतिम दर्शन करने के लिए पहुंचने वालों में आनंद मोहन सिंह पटेल वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता सुशील केसरवानी पत्रकार संत लाल मौर्या पत्रकार मदन लाल केसरवानी पत्रकार राकेश केसरवानी पत्रकार शशि भूषण सिंह बब्बू पत्रकार धर्मेंद्र सोनकर पत्रकार मोती लाल सिंह बब्बू केशरवानी सहित तमाम नेता ग्राम इलाके का भारी हुजूम



उनके अंतिम यात्रा में शामिल रहा पत्रकार के पिता की मौत पर पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की और प्रभु से कामना की है कि मृतक के परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता दे।

### भरी कचहरी तहसील से अधिवक्ता की बाइक चोरी

**चायल कौशांबी।** चायल तहसील न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा बनाए गए चेंबर के पास अधिवक्ता दीपक सिंह ने अपनी बाइक खड़ी कर दी थी और न्यायिक कार्य से वह तहसील न्यायालय चले गए थे घटना 20 जुलाई की दोपहर की है अधिवक्ता जब लौटकर आए तो देखा उनकी बाइक गायब थी उन्होंने बाइक को काफी खोजा लेकिन बाइक का सुराग नहीं लग सका है भीड़भाड़ के बीच तहसील परिसर से दिन दहाड़े बाइक चोरी होने के बाद जहां पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं वही बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद की कहानी बयां कर रहे हैं मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी है 24 घंटे बीत जाने के बाद भी तहसील परिसर से अधिवक्ता की गायब बाइक का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुहिम तेज : मुख्य विकास अधिकारी

**सांख्यिकी आकड़ों के संग्रहण के लिए सेंसटाइजेशन संगोष्ठी का आयोजन 26 जुलाई को**

**कौशाम्बी।** सांख्यिकी आकड़ों के संग्रहण के लिए सेंसटाइजेशन संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 26 जुलाई को कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में किया जा रहा हैं। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी ने देते हुए बताया कि संगोष्ठी में उद्योग बन्धु/हैण्डलूम/चेम्बर ऑफ कार्मस/लघु उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ, डॉक्टर एसोसिएसन्स/नर्सिंग एसोसिएसन्स के अध्यक्ष, समस्त कारखाना यूनियन के अध्यक्ष, समस्त श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष, होटल एवं रेस्टोरेन्ट एसोसिएन्स के अध्यक्ष, चिट फण्ड सोसायटी के अध्यक्ष, समस्त व्यापार मण्डल के अध्यक्षगण, समस्त परिवहन ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष, सहकारी समितियों के अध्यक्ष सम्मिलित होंगे, जिससे विभिन्न संघों और यूनियनों के सहयोग से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण यथा आसुस सर्वेक्षण, पी.एल. एफ. एस. सर्वेक्षण, वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण तथा विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे सर्वेक्षण की गुणवत्तापूर्वक संकलन से प्रदेश और देश की वास्तविक विकास की एक झलक से आम जनमानस को रूबरू कराया जा सकें। बतादें कि देश के साथ-साथ उ0प्र0 की अर्थव्यवस्था को मजबूती दिलाने की दिशा में अब प्रदेश सरकार ने भी रणनीति को अमली जामा पहनाने की दिशा में तेजी लायी है। हाल ही में मा0 मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा जिला प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है, कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुॅचाने के लिए जिले की सहभागिता को भी सुनिश्चित किया जाय। इस कार्य में सामाजिक सर्वेक्षणों के जरिए विभिन्न यूनियनों तथा संघों का सहयोग प्राप्त होना जरूरी है, ताकि सांख्यिकी आंकड़ों के संग्रहण के द्वारा वास्तविक ऑकड़े जुटाए जा सके।

# चकरोड भूमि पर शौचालय और दीवाल उठा कर अवैध कब्जे को हटवाने की मांग

अखंड भारत संदेश

**ऊनो के मजरा बभन पुरवा के दर्जनों लोगो ने डीएम कार्यालय पर आवाज की बुलंद**



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायतों ऊनो के मजरा बभन पुरवा के दर्जनों लोग 19 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और गांव के लेखपाल प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों जिम्मेदारों की मिलीभगत से कुछ दबंग लोग दलित बस्ती को जाने वाले चकरोड मार्ग पर अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि दबंगों ने चक रोड मार्ग पर शौचालय घर बना लिया है दीवाल उठाकर चकरोड मार्ग को कब्जा कर लिया है जिसे दलित बस्ती के लोगों को आने जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि रास्ता अवरुद्ध होने से आने जाने में दिक्कतें होती हैं ग्रामीणों की बात सुनकर जिलाधिकारी ने एसडीएम मंझनपुर को चकरोड मार्ग खाली कराने का निर्देश दिया है। बुधवार की सुबह ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा भवन पुरवा के दर्जनों लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दलित बस्ती जाने वाले रास्ते के मुख्य मार्ग पर चकरोड नंबर 116 में गांव के संतोष कुमार पुत्र लल्लू ने जबरदस्ती शौचालय घर बना लिया है जिससे आम रास्ता अवरुद्ध हो गया है ग्रामीणों ने बताया कि चक मार्ग पर अवैध कब्जे को लेखपाल ने स्वयं देखा है लिंटर डालने से मना किया था लेकिन अब संतोष छत डालने पर उतारू है एक तरफ अखिलेश राम सुमिरन ज्ञान प्रकाश आदि ने जबरदस्ती दीवाल उठा लिया है जिससे रास्ता बिल्कुल बंद हो गया है जबकि पीछे रास्ता नहीं है रास्ता के बंद होने से दलित बस्ती के लोगों को आने जाने में बड़ी समस्या है सरकारी अभिलेखों के नक्शे में चकरोड दर्ज होने के बाद कब्जा करने से मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर दबंग आमादा है ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी चकरोड पर कब्जे के मामले में ग्राम प्रधान की भी मिलीभगत है गांव के शिवलाल राजबहादुर श्यामलाल मेवा लाल राकेश दिनेश अमृतलाल हरिश्चंद्र रमेश आदि लोगों ने 19 जुलाई को जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर चकरोड नंबर 116 में दीवाल उठाकर शौचालय बनाकर अवैध कब्जा को हटवाने की मांग की है।

# टोल प्लाजा पर फर्जी फॉस टैग से करोड़ों का फ्रॉड करने वाले 6 शातिर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज टोल प्लाजा पर फर्जी फॉस टैग के सहारे वाहन गुजारने वाले गिरोह का जिले की एसओजी टीम और कोखराज थाना पुलिस ने पदार्फाश किया है,पुलिस टीम ने फर्जी फास्टैग बनाने वाले 6 शातिरों को गिरफ्तार किया है।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले का खुलासा किया है। कोखराज थाना क्षेत्र में स्थित कोखराज हंडिया बाईपास टोल प्लाजा पर पिछले कुछ महीनों से फर्जी फॉस टैग के सहारे कुछ शातिर टोल प्लाजा और बैंक को लगातार फ्रॉड कर नुकसान पहुंचा रहे थे,आमदनी कम होने पर टोल प्लाजा के मालिक ने कोखराज थाना में मामला दर्ज कराए था,जिसके बाद एसपी ने पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया और सर्विलांस की सहायता से फर्जी फॉस टैग मामले का खुलासा कर दिया और गिरोह का पदार्फाश करते हुए 6 शातिरो को गिरफ्तार कर लिया। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह शातिर 1250 के फास्टैग को 5 सौ में बेचने का काम करते थे,एक फॉस टैग के सहारे कई गाड़िया टोल प्लाजा से क्रॉस कराते थे और गाड़ी टोल प्लाजा से क्रॉस करने के बाद उसे वापस ले लेते थे और फिर दूसरी गाड़ी उसी फॉस टैग से क्रॉस कराते थे,इस तरह प्रतिदिन 35 से 40 हजार की यह लोग कमाई कर लेते थे। पुलिस टीम ने रायबरेली के एक ,प्रतापगढ़ के एक और कोखराज थाना क्षेत्र के चार शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है,पुलिस को गिरफ्तार शातिरो के पास से 20 फर्जी फास्टैग एवं 4 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी 6 आरोपियों को जेल भेज दिया।

संपादकीय

# मोदी की विदेश यात्राओं के बहुआयामी पक्ष

मोदी जी देश के प्रधानमंत्री होने के साथ.साथ देश के प्रधान सेवक भी हैं। राष्ट्र के प्रति मोदी जी का सेवा भाव देखते ही बनता है। वह बिना थकेए बिना रुकेए राष्ट्रहित में होने वाले कार्यों को करने में जरा भी नहीं हिचकते हैं। मोदी जी हर समय जन सेवा भाव में डूबे नजर आते हैं। मोदी जी की फ्रांस और यूएई की दो देशों की यात्रा के दौरान बहुत से राजनीतिकए शैक्षिकए सामाजिकए व्यापारिकए सांस्कृतिक समझौते और कार्य हुए। आपको बता दें कि मोदी जी की फ्रांस की छठी और यूएई की पाँचवी यात्रा रही। मोदी जी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान बास्टी दिवस परेड में सम्मानित अतिथि रहे। इस अवसर पर मोदी जी के साथ फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी रहें। इस अवसर पर भारतीय सेना के तीनों अंगों के मार्चिंग दस्ते ने भी परेड में हिस्सा लिया।

फ्रांस में भारतवर्ष के प्रति राजनीतिक सम्मान के साथ साथ सैन्य समझौते के आधार पर भी यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण रही। फ्रांस सरकार मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत भारत में रक्षा उपकरणों तथा हथियारों का उत्पादन करने को तैयार है। इस यात्रा के दौरान मोदी जी ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रक्षा अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत फ्रांस के मार्शे शहर में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। हम फ्रांस सरकार की तरफ से यहां पढ़ने वाले भारतीयों की लंबी अवधि का वीजा देने के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं। हम फ्रांस के विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित करते हैं। मोदी जी की फ्रांस यात्रा में शिक्षाए रक्षाए परमाणु ऊर्जाए ब्लू इकोनामीए कारोबारए निवेश पर महत्वपूर्ण मजबूती मिली है।

मोदी जी को फ्रांस सरकार की ओर से फ्रांस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी जी को इससे पहले भी एक दर्जन से अधिक सम्मान अलग.अलग देशों से मिल चुके हैं। इतने सम्मान भारत के किसी प्रधानमंत्री को पहले नहीं मिले हैं। इस सम्मान के अलावा फ्रांस में उपहार स्वरूप मोदी जी को 1913 से 1927 के बीच प्रकाशित साहित्यकार मार्सेल प्रूस्ट के उपन्यास इन सर्च आफ लोस्ट टाइम की श्रृंखला दी गई। आपको बता दें कि मोदी जी का साहित्य प्रेमी व्यक्तित्व हैं। मोदी जी का काव्य संग्रह साक्षी भाव और कहानी संग्रह प्रेमतीर्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

इस यात्रा के दौरान मोदी जी यूएई भी गएए मोदी जी ने यूएई के राष्ट्रपति तथा आबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के बीच बहुआयामी संबंधों को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई। यूएई की यात्रा के दौरान मोदी जी के स्वागत में दुबई की मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की लाइट के माध्यम से रोशन किया गया। इस पर मोदी जी की तस्वीर भी उकेरी गई। आपको बता दें कि पिछले दिनों अमेरिकी राजकीय यात्रा के दौरान वर्ल्ड ट्रेड सेंटर बिल्डिंग को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रंगो की लाइटों के माध्यम से रोशन किया गया था। यूएई की यात्रा के दौरान भारतीय मुद्रा रुपए और यूएई की मुद्रा दिरहम में कारोबार करने की बात हुई। यह मुद्रा समझौता अर्थव्यवस्था के लिए और भारत की वैश्विक रणनीति के हिसाब से महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देशों के बीच डिजिटल भुगतान मैसेजिंग सिस्टम यानी भारत के यूपीआई और यूएई के भुगतान प्लेटफार्म आईपीपी को आपस में जोड़ा जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगाए लेनदेन लागत और भुगतान के समय में कमी आएगी। कम लागत भी लगेगीए लोगों को लाभ मिलेगाए सरकारों के बीच आपसी सहयोग बढ़ेगाए अतिरिक्त चार्ज के बोझ से बचा जाएगा। शिक्षा की दृष्टि से यूएई की यात्रा महत्वपूर्ण रहीए अब आईआईटी दिल्ली आबू धाबी में अपना पहला कैंपस खोलेंगी। ऐसे संकेत इस यात्र के दौरान दिए गए।

मोदी जी की फ्रांस और यूएई की यह यात्रा भारतवर्ष के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी जी की यह दो देशों की यात्रा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक रही है तो सैन्य और वाणिज्य के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। जहां तक राजनीतिक समझौतों की बात है वह तो ऐतिहासिक है हीए मोदी जी अपने देश के जन के साथ.साथ वैश्विक जन के कल्याण की बात सोचते हैं। जी.20 की अध्यक्षता करते हुए भारत की यह कोशिश भी है कि ग्लोबल साउथ देशों से जुड़े मुद्दे विश्वपटल पर लाए जाएं। उन्हें मुख्यधारा में कैसे जोड़ा जाएए इस पर भी चिंतन जरूरी है। मोदी जी की हर एक विदेश यात्रा देश का गौरवए मान.सम्मान तो बढ़ाती ही हैए साथ ही इन यात्राओं में जन कल्याण से जुड़े फैसले सीधे ले लिए जाते हैं। मोदी जी की इन विदेश यात्राओं को सभी अपने.अपने चश्मों से देख रहे हैं।

वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगाए मोदी जी इस संकल्प को लेकर चले हैं। आओ हम सभी मिलकर इस संकल्प को पूरा करने में मोदी जी का सहयोग करें। भारतवर्ष को मजबूत बनाएं। मोदी जी की हर एक कार्यशैली को जन.जन तक सही अर्थों में और सही रूपों में पहुंचाने का काम करें। मोदी जी के कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंए यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं है।

# मानवता को शर्मसार करती मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड

**वजय केसरी**

मणिपुर में पिछले दिनों दिल को दहला देने वाली जो घटना घटी थी, इससे मानवता पूरी तरह लहूलुहान हो गई है। चाहे जो भी सामाजिक और राजनीतिक उपाय किए जाएं, इस जख्म को भरने के लिए सब के सब बेकार साबित होंगे। मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। जब मैं यह आलेख लिख रहा हूं, मणिपुर की हालात में कोई सुधार दिखता नजर नहीं आ रहा है, बल्कि जातीय दंगे अपने उफान पर हैं। लोग एक दूसरे के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों में आग लगाने में लगे हुए हैं। मणिपुर राज्य सरकार अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है कि इस जातीय दंगे से प्रांत को मुक्त किया जाए, लेकिन संभव नहीं हो पा रहा है। मणिपुर में जो जातीय दंगे हो रहे हैं, इसका समाधान राजनीति से ही संभव हो सकता है। जबकि मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी की हुकूमत है। केंद्र में भी एनडीए की सरकार है। इसके बावजूद भी देंगे नहीं रुक रहे हैं। यह बड़ा अहम सवाल बनकर उभर रहा है।



मणिपुर निर्वस्त्र कांड पर प्रांत के मुख्यमंत्री वीरेंद्र सिंह ने जैसा बयान दिया है, यह काफी नहीं है। चूंकि वे इस प्रांत के मुख्यमंत्री हैं, प्रांत में इतनी बड़ी घटना घट जाती है, प्रांत की सरकार चुप्पी साध लेती है। इसका क्या मायने हैं ? मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेंद्र सिंह अपनी नैतिक जवाबदेही से बच नहीं सकते हैं। मणिपुर निर्वस्त्र कांड के इतने दिन बीत जाने के बावजूद अपराधियों तक उनकी पुलिस क्यों नहीं पहुंच पाई ? यह भी बड़ा अहम सवाल है। क्या मणिपुर में जंगल का राज है ? किसने यह अधिकार दिया है कि दूसरे समुदाय के तीन असहाय लड़कियों को पकड़कर, निर्वस्त्र कर, दो लड़कियां के साथ सामूहिक बलात्कार कर घुमाया जाए ? यह दृश्य याद कर ही दिल दहल उठता।

बिचारणीय बात यह है कि जिस समय यह घटना घट रही थी, भीड़ से तीनों लड़कियां मदद की गुहार लगा रही थी। बदले में भीड़ में शामिल कुछ लोग उन तीनों लड़कियां के अंग प्रत्यंग को छूकर अठ्टाहस प्रदर्शित कर रहे थें। भीड़ इन दृश्यों का मजा ले रही थी। भीड़ में से कोई एक व्यक्ति भी इस घटना का प्रतिकार करते हुए सामने नहीं आया। इससे प्रतीत होता है कि हमारा समाज कितना मृत हो गया है ? प्रांत में इतनी बड़ी यह घटना घट जाती है। कहीं से कोई विरोध के श्वर नहीं उभरते हैं। ऊपर से मणिपुर सरकार की चुप्पी। इस घटना ने लोकतंत्र को पूरी तरह लहूलुहान कर दिया है। इस घटना के बाद मणिपुर सरकार के मुख्यमंत्री वीरेंन सिंह को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं बनता है। केंद्र की एनडीए सरकार नैतिकता का दुहाई देती नजर आती हैं। क्या मणिपुर में तीन महिलाओं के निर्वस्त्र कांड पर उनकी नैतिकता कहां गई ? केंद्र सरकार को चाहिए कि इस कांड पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्काल उनके पद से हटाए जाए। साथ ही त्वरित पुलिसिया कार्रवाई करते हुए, इस कांड में शामिल सभी को दुष्कर्मियों को पकड़कर जेल की सलाखों में बंद किया जाए। दुष्कर्मियों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई कर फांसी की सजा दी जाए।

यह बात सभी जान रहे हैं कि मणिपुर में यह दंगे क्यों हो रहे हैं ? वर्षों से शोषित मैंतेई समुदाय के लोगों के लिए प्रांत की सरकार ने उनके विकास के लिए विधानसभा के द्वारा नए नियमों का प्रधान किया है। मेरी दृष्टि में मणिपुर सरकार ने भूमि पुत्र मैतेई समुदाय के लोगों के लिए एक बेहतर अवसर दिया है। इसके विरोध में कुकी और नाग मिलिशिया समुदाय के लोगों का इतना उग्र बन जाना किसी भी दृष्टि में उचित नहीं। अगर उन्हें नया नियम पसंद नहीं है। वे सभी अहिंसात्मक विरोध दर्ज कर सकते थे। वे उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में अपनी बात रख सकते थे। लेकिन विरोध के लिए पूरे मणिपुर को जलाकर क्या मिला ? आज मैतेई समुदाय के लोग और कुकी, नाग मिलिशिया समुदाय के लोग एक दूसरे पर प्रहार करते नजर आ रहे हैं। दोनों समुदायों के लोग एक दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। दोनों समुदायों के लोग एक दूसरे के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को जला रहे हैं।अब तक इस आंदोलन में 130 से अधिक लोगों की जानें चली गईं हैं। साठ हजार से अधिक लोगों को अपने घर बार छोड़कर दूसरे के घरों पर रहने को विवश होना पड़ रहा है।

मणिपुर हिंसा पर देशभर में राजनीति की जा रही है। यह किसी भी सूरत में अच्छी बात नहीं। पक्ष और विपक्ष दोनों अपने अपने राजनीतिक फायदे के लिए ब्यान दे रहे हैं। मणिपुर में स्थाई शांति कैसे स्थापित हो ? मणिपुर में लड़ रहे दोनों समुदायों के बीच शांति कैसे स्थापित हो ? इस मूल बात पर किसी का ध्यान ही नहीं है। 20 जुलाई को मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड का वीडियो जब वायरल हुआ, तब संसद में आवाजें गुजरने लगी। विपक्ष, मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड के बहाने सिर्फ और सिर्फ केंद्र को घेरने का काम कर रही है। केंद्र सरकार की विफलताओं को घेरने में लगी हुई है।?मणिपुर में स्थाई शांति कैसे स्थापित हो ? विपक्ष ने ?कोई भी ऐसा सुझाव नहीं दिया है। यह बेहद चिंता की बात है।

अब सवाल यह उठता है कि ढाई महीने के बाद मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड का वीडियो कैसे वायरल हुआ ? इतने दिनों तक इस विभत्स निर्वस्त्र कांड का वीडियो दबाकर क्यों रखा गया ? इसके पीछे कौन सा उद्देश्य निहित है ?? संसद सत्र के प्रारंभ होने के ठीक एक दिन पहले यह वीडियो वायरल कैसे हुआ ? ऐसे कई सवाल हैं, जो उठ रहे हैं। इन सवालों का जवाब भी ढूंढने की जरूरत है। मणिपुर के उच्चाधिकारियों ने बताया कि यह वीडियो इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने गुरुवार को होने वाले प्रदर्शन से ठीक एक दिन पहले प्रसारित किया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो इस वजह से वायरल किया जा रहा है, ताकि उस समुदाय की दुर्दशा को उजागर किया जा सके। आई टी एल एफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि महिला निर्वस्त्र कांड कांगपोकपी जिले की 4 मई की घटना है। ये समुदाय के लोग यह वीडियो वायरल कर फिर से मणिपुर को आग के हवाले कर देना चाहते थे। वे ऐसा करने में सफल भी रहे।

मणिपुर देश का एक संवेदनशील प्रांत है। कुछ महीने से जातीय हिंसा से लहूलुहान है। मणिपुर की समस्या एक राजनीतिक समस्या है। पक्ष और विपक्ष दोनों को गंभीरतापूर्वक विचार कर स्थाई शांति के लिए एक राजनीतिक प्रयास करना चाहिए। मणिपुर महिला निर्वस्त्र कांड के सभी दुष्कर्मियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भारत के किसी भी प्रांत में कोई ऐसी घटना को अंजाम ना दे सके।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) राष्ट्र को सशक्त बनाएगा

डॉ.अनिल शर्मा

समान नागरिक संहिता ;न्दपवितउ ब्पअपस ब्वकमद्ध को लेकर इन दिनों देश में चर्चा परिचर्चा का दौर चल रहा है। कुछ लोग इसे संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों का हनन बताने में लगे हैं तो कुछ बिना जाने समझे इसे देश के लिए हानिकारक ठहराने की दलील दे रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि इसके लागू होने से राष्ट्र और सशक्त बनेगा।




15 जूनए 2023 कोए प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक सार्वजनिक बयान दिया जिसमें कहा गया कि देश में एक समान यूसीसी होना चाहिए क्योंकि किसी देश द्वारा बनाए गए कानून सभी नागरिकों के लिए समान होते हैं। बस तब से इसको लेकर बहस छिड़ गयी देश में। हम बताते चलें कि विश्व के अधिकतर आधुनिक देशों में ऐसे कानून लागू हैं। जैसे कि अमेरिकाए आयरलैंडए पाकिस्तानए बांग्लादेशए मलेशियाए तुर्की ए इंडोनेशियाए सूडानए इजिप्टए जैसे कई देश हैं जिन्होंने समान नागरिक संहिता लागू किया है।

एक देश एक संविधान तो एक समान नागरिक संहिता लागू होने में देश को हानि का तो कोई सवाल ही नहीं उठता। बस राजनीतिवश कुछ लोग इसके विरोध में जुटे हैं।

क्या होता है यूनिफॉर्म सिविल कोडघ्

यह एक सामाजिक मामलों से संबंधित कानून होता है जो सभी पंथ के लोगों के लिये विवाहए तलाकए भरण.पोषणए विरासत व बच्चा गोद लेने आदि में समान रूप से लागू होता है।

समान नागरिक संहिता ;यूसीसी द्ध कानूनों के एक सामान्य समूह को संदर्भित करती है जो सभी नागरिकों पर लागू होते हैं और विवाहए तलाकए विरासत और अन्य व्यक्तिगत मामलों में गोद लेने में धर्म पर आधारित नहीं होते हैं।

भारत में नागरिकों के व्यक्तिगत कानूनों को बनाने और लागू करने का एक प्रस्ताव है जो सभी नागरिकों पर उनके धर्मए लिंग और यौन अभिविन्यास की परवाह किए बिना समान रूप से लागू होता है।

वर्तमान मेंए विभिन्न समुदायों के व्यक्तिगत कानून उनके धार्मिक ग्रंथों द्वारा शासित होते हैं। पूरे देश में समान नागरिक संहिता का कार्यान्वयन भारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए विवादास्पद वादों में से एक है। यह धर्मनिरपेक्षता से जुड़ा एक अहम मुद्दा है।

भारतीय राजनीति में और शरिया और धार्मिक रीति.रिवाजों की रक्षा में भारत के राजनीतिक वामपंथीए मुस्लिम समूहों और अन्य रूढ़िवादी धार्मिक समूहों और संप्रदायों द्वारा विवादित बना हुआ है।व्यक्तिगत कानून सार्वजनिक कानून से अलग है। इसमें विवाहए तलाकए विरासतए गोद लेना और भरण.पोषण शामिल है। इस बीचए भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25.28 भारतीय नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है और धार्मिक समूहों को अपने स्वयं के मामलों को बनाए रखने की अनुमति देता है।

क्या यह संविधान विरोधी होगाघ्

नहीं जी यह पूर्णतः संविधान सम्मत ही होगा। स्वयं डॉण्बीण आरण अंबेडकर जी ने संविधान का मसौदा तैयार करते समय कहा थाए कि समान नागरिक संहिता वांछनीय है लेकिन इसे तब तक स्वैच्छिक रहना चाहिये जब तक कि राष्ट्र इसे स्वीकार करने के लिये सामाजिक रूप से तैयार न हो जाए।

इसीलिए समान नागरिक संहिता को राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों ;क्रैच्द्ध ;अनुच्छेद 44द्ध में रखा गया।संविधान का अनुच्छेद 44 भारतीय राज्य से अपेक्षा करता है कि वह राष्ट्रीय नीतियां बनाते समय सभी भारतीय नागरिकों के लिए निर्देशक सिद्धांतों और सामान्य कानून को लागू करे।

अलग.अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। सभी के लिए कानून में एक समानता से देश में एकता बढ़ेगी।

भारतीय राज्य गोवा को तत्कालीन पुर्तगाली गोवा और दमाओन में औपनिवेशिक शासन के कारण भारत से अलग कर दिया गया थाए एक सामान्य पारिवारिक कानून को बरकरार रखा गया था जिसे गोवा नागरिक संहिता के रूप में जाना जाता था और इस प्रकार यह आज तक समान नागरिक संहिता वाला भारत का एकमात्र राज्य है।

व्यक्तिगत कानून पहली बार ब्रिटिश राज के दौरान मुख्य रूप से हिंदू और मुस्लिम नागरिकों के लिए बनाए गए थे। अंग्रेजों को समुदाय के नेताओं के विरोध का डर था और वे इस घरेलू क्षेत्र में आगे हस्तक्षेप करने से बचते थे।

भारतीय राज्य गोवा को तत्कालीन पुर्तगाली गोवा और दमन में औपनिवेशिक शासन के कारण भारत से अलग कर दिया गया था ए एक सामान्य पारिवारिक कानून को बरकरार रखा गया था जिसे गोवा नागरिक संहिता के रूप में जाना जाता था और इस प्रकार यह आज तक समान नागरिक संहिता वाला भारत का एकमात्र राज्य है। हालाँकिए गोवा नागरिक संहिता एक समान नहीं है क्योंकि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए विशेष प्रावधान हैंए उदाहरण के लिएए यह द्विविवाह की अनुमति देता हैअगर पत्नी 25 साल की उम्र से पहले बच्चे को जन्म नहीं देती है या 30 साल की उम्र से पहले बेटे को जन्म नहीं देती है तो हिंदू पुरुषों को।

भारत की आजादी के बादए हिंदू कोड बिल पेश किए गएए जिन्होंने बड़े पैमाने पर बौद्धों जैसे भारतीय धर्मों के विभिन्न संप्रदायों में व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और सुधार किया।हिंदूएजैन और सिख लेकिन इसने ईसाइयों ए यहूदियों ए मुसलमानों और पारसियों को छूट दी ए जिन्हें हिंदुओं से अलग समुदायों के रूप में पहचाना गया।

यूनिफॉर्म सिविल कोडए1985 में शाह बानो मामले के बाद भारतीय राजनीति में रुचि का एक महत्वपूर्ण विषय बनकर उभरा। यूसीसी को नवंबर 2019 और मार्च 2020 में दो बार प्रस्तावित किया गया थाए लेकिन संसद में पेश किए बिना दोनों बार जल्द ही वापस ले लिया गया।

यह भी चर्चित है कि बीजेपी के बीच मतभेद के चलते इस बिल पर विचार किया जा रहा है ।एनडीए के कई भाजपा सहयोगियों ने समान नागरिक संहिता का विरोध किया हैए खासकर पूर्वोत्तर भारत सेए उनका दावा है कि यह ष्भारत के विचारष के खिलाफ जाएगा और आदिवासी समुदायों के विशेष विशेषाधिकार समाप्त कर देगा।

हाल ही में जो राजनीतिक परिदृश्य बना है और दो हजार चौबीस के आम चुनाव को लेकर जो बिसात बिछाई जा रही हैएजिस तरह से कर तक के विरोधी आज प्रिय बन रहे हैं और विपरीत विचारधारा के लोग एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं। उससे लगता है कि यह कानून एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

इस तरह की चर्चा परिचर्चा के बीच मेरा निजी मत यह है कि समान नागरिक संहिता भारत में लागू होनी ही चाहिए।

# हिंदू राष्ट्रवाद के पितामह थे लोकमान्य तिलक

**-ः ललित गगः-**

बाल गंगाधर तिलक प्रखर राष्ट्रवादी, हिन्दूवादी नेता एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे। वे समाज सुधारक, राष्ट्रीय नेता, थे जिन्हें भारतीय इतिहास, संस्कृत, हिन्दू धर्म, गणित और खगोल विज्ञान में महारथ हासिल थी। तिलक ने ही सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान पूर्ण स्वराज की मांग उठाई थी। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे ले कर रहूंगा। इस नारे ने बहुत से लोगों को प्रोत्साहित किया था। आजादी के परवानों के लिए ये महज कुछ शब्द भर नहीं थे बल्कि एक जोश, एक जुनून था जिसके जरिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियां देकर मां भारती को अंग्रेजों से आजादी दिलाई। इस वाक्य को पढ़ने और सुनने वाले को बाल गंगाधर तिलक की याद आ ही जाती है। लोकमान्य का अर्थ है लोगों द्वारा स्वीकृत किया गया नेता। लोकमान्य के अलावा इनको हिंदू राष्ट्रवाद का पितामह भी कहा जाता है।

बाल गंगाधर तिलक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जनक के रूप में जाने जाते हैं। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। रत्नागिरी गांव से निकलकर आधुनिक कालेज में शिक्षा पाने वाले ये भारतीय पीढ़ी के पहले पढ़े लिखे नेता थे। इन्होंने कुछ समय तक स्कूल और कालेजों में गणित पढ़ाया। अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न तिलकजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। उनकी वाणी तीक्ष्ण, तेजधार होने के साथ-साथ सीधी, सरल एवं हृदय को छूने एवं प्रभावकारी परिणाम करने वाली थी। अपनी पारखी दृष्टि से व्यक्ति की क्षमताओं को पहचान कर न केवल उसका विकास करते थे अपितु उसे देश, समाज एवं राष्ट्र हित में नियोजित भी करते थे। राष्ट्रोत्थान की भावना जगाने में उनका कौशल अद्भुत था। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय व्यक्तित्व होते हुए भी तिलकजी ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी उनके जीवन-दर्शन को पढ़ना आवश्यक है।

अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता तिलक पश्चिमी शिक्षा पद्धिति के बड़े आलोचक थे। उनका मानना था इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को नीचा दिखाया जाता है और भारतीत संस्कृति को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।अंग्रेजी शिक्षा के ये आलोचक थे। इस वजह से ये मानते थे कि यह भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। कुछ सोच विचार के बाद वे इसी नतीजे में पहुंचें कि एक अच्छा नागरिक तभी बन सकता है, जब उसे अच्छी शिक्षा मिले। भारत में शिक्षा को सुधारने के लिए उन्होंने अपने मित्र के साथ मिलकर ह्यडेक्कन एजुकेशन सोसाइटीह्न की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधरे। शिक्षा का स्तर सुधारने की दिशा में भी काफी काम किया। तिलक ने अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी। जब अंग्रेजों ने तिलक को 1906 में विद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर 6 साल की सजा सुनाई और बर्मा के एक जेल में डाल दिया तो जेल में महान किताब गीता रहस्य लिख डाली जो तिलक जैसा व्यक्तित्व ही कर सकता है। गणेश उत्सव और शिवाजी के जन्म उत्सव जैसे सामाजिक उत्सवों को प्रतिष्ठित कर उन्होंने लोगों को एक साथ जोड़ने का काम भी किया।

बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश राज के दौरान स्वराज के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक माना जाता है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं से एक करीबी संधि बनाई, जिनमें बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, अरविन्द घोष, वी० ओ० चिदम्बरम पिल्लै और मुहम्मद अली जिन्नाह शामिल थे।बाल गंगाधर तिलक ने इंग्लिश में मराठा दर्पण व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किए, ये दोनों जल्द ही जनता में बहुत लोकप्रिय हो गए। तिलक ने अंग्रेजी शासन की क्रूरता और भारतीय संस्कृति के प्रति हीन भावना की बहुत आलोचना की। इन्होंने मांग की कि ब्रिटिश सरकार तुरन्त भारतीयों को पूर्ण स्वराज दे। वो अपने अखबार केसरी में अंग्रेजों के खिलाफ काफी आक्रामक लेख लिखते थे। इन्हीं लेखों की वजह से उनको कई बार जेल भेजा गया। तिलक अपने समय के सबसे प्रख्यात आमूल परिवर्तनवादियों में से एक थे।

# अब इंडिया नही भारत

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

संविधान में पहले ही का नाम भारत कहा गया है किंतु जाने क्यों व्यवहार में देश को कोई हिंदुस्तान तो कोई इंडिया भी कहता है। इस प्रवृत्ति को बदलना होगा। देश का नाम भारत है तो अंग्रेजी या उर्दू सहित हर भाषा में भी वह भारत ही रहेगा।

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी कहती है किए इंडियाना या इंडियनास वो आदिवासी महिलाएं हैं जिन्होंने कभी शादी नहीं कीए फिर भी वो बच्चे पैदा करती हैंण ब्रिटिशर्स चर्च की शादी के सिवा अन्य किसी रिवाज से संपन्न शादी को मान्यता नहीं देते अर्थातए उनके अनुसारए वह समुदायए वंशए जाति.जनजाति जो बेतपेजपंद या ईसाई नहीं हैए वो ष्इंडियनष है। ब्रिटिशर्स जब भी यूरोप के बाहर किसी दूसरे देश जाते थे और उन लोगों से मिलते थेए जो ईसाई धर्म का पालन नहीं करते थेए उन सबको इसी नाम यानी कि ष्इंडियनष कहकर ही बुलाते थेण चूंकि भारत में भी हिंदू धर्म में ए चर्च में शादी की कोई परंपरा नहीं अतः भारत को ब्रिटिश इंडिया कहते थे।

इसलिए अब समय आ चुका है कि हमे अपनी भारतीय अस्मिता पर गर्व करते हुए स्वयं को इंडियन कहलाना बंद करना चाहिए। गवर्नमेंट ऑफ भारत होना चाहिए न कि गवर्नमेंट ऑफ इंडिया।

विश्व स्तर पर सरकार को तथा जन मानस में भारत को ही स्वीकार्यता दिलाना जरूरी है।

# डीएम ने मऊ ब्लाक का किया व्यापक निरीक्षण

## लेखाकार अतुलकान्त खरे को दिया कारण बताओ नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मऊ ब्लाक का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों के किए कार्यों की समीक्षा की। जनसुनवाई, आईजीआरएस, हैंडपंप रिबोर, आवास रजिस्टर, कायाकल्प, स्थापना कार्य की समीक्षा एवं लेखाकार कक्ष, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कक्ष, सभागार कक्ष देखा। जिलाधिकारी ने बीडीओ को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में लाभार्थियों के रजिस्टर को अपडेट रखें।



शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बीडीओ को निर्देश दिये कि आईजीआरएस देखने वाले से कहे कि लाभार्थी से बातकर फीडबैक भी लिखें। बीडीओ से कहा कि समय से बैठकर जनसुनवाई करें। जनसुनवाई में आये आवेदनों को रजिस्टर में दर्ज करायें।

हैंडपंप की बाबत कहा कि कहां पर है, कहां पर नहीं, रजिस्टर बनायें व अपडेट करें। मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर से मस्टर रोल की बाबत जानकारी ली। आवास रजिस्टर की बाबत बीडीओ को निर्देश दिये कि पटल कर्मचारी से कहें कि पात्रों का रजिस्टर अपडेट रखें। सभी ब्लॉक कर्मचारियों को मीटिंग कर पटल के बारे में बतायें।

परियोजना निदेशक को डीएम ने निर्देश दिये कि जिले के सभी ब्लाकों में सुनिश्चित करें कि क्षेत्र पंचायत के कार्यों की जानकारी लेकर रजिस्टर पर अंकन न होने पर नाराजगी जताई। विकासखंड में तैनात पूर्व लेखाकार एवं वर्तमान लेखाकार अतुलकांत खरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए। बीडीओ को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार क्षेत्र पंचायत के कार्य करायें। जर्जर भवन की मरम्मत कराकर कर्मचारियों-अधिकारियों को आवंटित करें। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि स्टीमेट बनाकर लोनिवि से एप्रूव कराकर शासन को भेजें।

इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारियों समेत बीडीओ दिनेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चलती बोलेरो में शराब पिलाकर महिला को गड्ढे में फेंका, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में एक महिला बेहोशी की दशा में पड़ी मिली। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को बेहोशी दशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। होश आने पर महिला ने दी तहरीर में तीन लोगों पर छेडखानी और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया है।

ये मामला है मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव का। बताया गया कि 28 वर्षीय महिला को परचित कामता प्रसाद ने मिलने को रामुपुरवा बुलाया था। महिला के पहुंचने पर कामता प्रसाद दो अज्ञात साथियों के साथ बोलेरो में बैठाकर मऊ कस्बे के नीबी रोड से शराब ठेका से तीनों ने शराब पी। महिला को भी जबरन शराब पिलाई। अधिक शराब पीने से महिला बेहोशी दशा में हो गई तो महिला को बरगढ़ घाटी में कुछ घंटे रुकने के बाद उसे बेहोशी दशा में चितवारा गांव में सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में चलती बोलेरो से फेंककर फरार हो गए। आरोपियों को पानी भरे गड्ढे में महिला को फेंकते हुए ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी दशा में महिला को मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। होश आने पर पूंछताछ में पुलिस को महिला ने तहरीर दी। आरोपी कामता प्रसाद और दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी व हत्या के प्रयास का मामला दर्जकर पुलिस ने दो को हिरासत में ले लिया।

# महिला हिंसा के खिलाफ बोलेंगे, चुप्पी तोडेंगे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 30 वर्षों से महिला अधिकारों के लिए काम कर रही वनांगना संस्था ने भौंरी न्याय पंचायत के बसिला गांव की 35 महिलाओं ने तीन दिवसीय नजरिया निर्माण कार्यशाला आयोजित की।

शुक्रवार को कार्यशाला में महिलाओं ने सवाल-जवाब के जरिये लीडर की भूमिकाओं में आगे आने को बीडा उठाया। महिला हिंसा के खिलाफ समुदाय को संवेदनशील बनाने को खुली बैठक कर चर्चा-परिचर्चा कर गांव में महिला हिंसा के खिलाफ रैली निकालकर समापन किया। कार्यक्रम में वनांगना संस्था डॉयरेक्टर पुष्पा, नेतृत्व समूह अवधेश गुप्ता, नेतृत्व समूह मंजू सोनी, कार्यकर्ता रानी देवी, राधेश्याम शामिल रहे। वनांगना महिला समिति की फुलवा, सोना देवी, पचिनिया, कमला समेत 35 महिलायें और रैली में 17 महिलायें शामिल रहीं।




# फैशन डिजाइनर बन पूरा करेंगी मां-बाप का सपना

## बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ खेला गया मऊ गुरदरी में नाटकबेटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड के प्रोजेक्ट जागृति-3 के अक्षरा के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ गुरदरी में अक्षरा शक्ति प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन हुआ। बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ शीर्षक पर लघु नाटक खेला गया। नाटक में स्कूली बच्चों ने ही मंचन किया। उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर मिथिलेश कुमार ने पौधरोपण कर किया।

शुक्रवार को नाटक में बालिकाओं ने कहा कि वह डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट और फैशन डिजाइनर बनकर मां-बाप के सपनों को पूरा करेंगी। नाटक की समाप्ति पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिला मुख्यालय के सुदूर गांव गुरदरी में ममता संस्था ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को अच्छे कार्य किये हैं। बालक-बालिकाओं ने नाटक में अच्छा अभिनय किया। गांव के लोग बालिकाओं को पढ़ाने व आगे बढ़ाने में रुचि लेंगे। संस्था के जागरूकता कार्यक्रम काबिले तारीफ है। ममता संस्था के जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक ने कहा कि संस्था महिला और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सीधे कंम्यूनिटी में काम करती है। 18 साल से पहले लड़कियों की शादी न करें। ऐसा माहौल बनायें कि बालिकाएं विद्यालय न छोड़े, उनकी शिक्षा जारी रहे।

बालिकाओं के शिक्षित होने पर आत्मनिर्भर बनेंगी।



खंड शिक्षा अधिकारी ने नाटक में मंचन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर यशवंत सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल सिंह, शिक्षक राजेश कुमार, राहुल सिंह, संतोष कुमार, गोविंद दास, संस्था की मंदाकिनी नामदेव रितु साहू के साथ छात्र, छात्राएं व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व पर डीएम ने पैनी नजर रखने के दिये निर्देश

## 29 को अलाव का होगा प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनन्द ने बताया कि मुस्लिम समुदाय का मोहर्रम पर्व 20 जुलाई से शुरू होकर 29 जुलाई तक 10वीं मुहर्रम का मुख्य पर्व मनाया जाएगा। मोहर्रम पर्व मुस्लिम समुदाय के शिया-सुन्नी समुदाय मनाते हैं। शांतिपूर्ण पर्व मनाये जाने को संवेदनशील विवादित स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं पुलिस व्यवस्था तैनात रहेगी। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे स्थानों पर जहां लोग ज्यादा तादाद में एकत्र होते हैं, वहां पर पैनी नजर रखते हुए संभावित घटनाओं का पूवार्नुमान लगाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये। पर्व में ताजिए के साथ जुलूस निकलते हैं। मोहर्रम की सातवीं-अठवीं और नवमी की रात आग के अलाव का प्रदर्शन होता है। मोहर्रम की दसवीं तारीख को देर रात ताजिया विसर्जित-दफन होते हैं। 29 जुलाई को देर रात ताजिए विसर्जित-दफन होंगे। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट सकुशल मोहर्रम पर्व संपन्न करायें। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने को सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनाती स्थल पर पर्व से एक दिन पहले पहुंचकर सूचना एकत्र कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट व उन्हें तथा पुलिस अधीक्षक को बतायेंगे। पर्व कुशलता से संपन्न होने की सूचना भी देंगे। किसी भी सार्वजनिक विवादित स्थल पर ताजिए नहीं रखे जाएंगे। जुलूस की अनुमति से संबंधित मामलों का निस्तारण नियमानुसार संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट करेंगे। ताजिया जुलूस अलम के समय आयोजकों से अनुपालन करायें। जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिला मजिस्ट्रेट कर्वी, मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्रों के स्थलों गांवों जहां मोहर्रम पर्व मनाया जाता है, वहां निरीक्षण कर भीड़भाड़ संवेदनशील स्थलों में अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती करें। उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस व शांति समिति ताजिया एवं जुलूस अलम आयोजकों तथा बिजली, पानी, साफ-सफाई, आवारा पशु विचरण नियंत्रण व्यवस्था दुरुस्त करें।

# सराफा मार्केट में पुलिस बूथ के कैमरों से रहेगी अराजकतत्वों पर नजरः एसपी

## एसपी ने बूथ का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरार्फा व्यापारी रोहिल अग्रवाल एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय के प्रयास से सरार्फा मार्केट शंकर बाजार कोतवाली कर्वी में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने पुलिस बूथ का उद्घाटन किया। शंकर बाजार से निरंतर व्यापारी शिकायत कर रहे थे कि यहां शाम होने के बाद अराजकतत्व शराब पीकर अराजकता फैलाते हैं। इससे लोगों का आवागमन बाधित होता है। व्यापार पर असर पड़ता है। इसके मद्देनजर जनसहयोग से पुलिस केंद्र की व्यवस्था की गई है।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के शंकर बाजार में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस बूथ का शुभारम्भ किया। कहा कि बूथ में 24 घंटे पुलिस ड्यूटी रहेगी, ताकि जनता में सुरक्षा का भाव पैदा हो।



व्यापारी सुरक्षा के माहौल में व्यापार कर सके। पुलिस महानिदेशक उप्र के जारी ऑपरेशन दृष्टि में पूरे सरार्फा मार्केट को कवर करने को 360 डिग्री वाले कैमरे लगाये हैं। जिनकी फीड पुलिस बूथ में प्रसारित की जाएगी, ताकि पूरे बाजार में निगरानी की जा सके। किसी भी अपराध होने की फुटेज से जल्द से जल्द खुलासा हो सके। प्रयास होंगे कि कैमरों की फीड को थाना कोतवाली कर्वी या पुलिस कन्ट्रोल रुम में भी प्रसारित किया जाये। इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी, पीआरओ प्रदीप पाल, व्यापारी बन्धु व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसपोर्ट नगर गोल तालाब मेन रोड पर दबंगों के अवैध कब्जे, मुहल्लेवासियों ने कोतवाली में दी शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकारी जमीनों और रोड़ों में अवैध कब्जा और अतिक्रमण को लेकर जहां सूबे की योगी सरकार के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने को बुलडोजर चला रहा है, वहीं मेनरोड़ पर अतिक्रमण करने वाले जिला प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के ज्ञानभारती इंटर कालेज के पीछे ट्रांसपोर्ट नगर में मेन डामर रोड पर दबंग किस्म के लोग चबूतरे, गार्डेन आदि अवैध निर्माण कर जिला प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। अतिक्रमणकारियों की बदौलत आमजनता को रास्ते से निकलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। बीते दिनों एक दबंग ने रोड पर अवैध निर्माण किया था। मुहल्ले वालों ने कोतवाली कर्वी में शिकायत की थी। कोतवाली पुलिस के हटवाने के दूसरे दिन पुनः मेन डामर रोड पर बद्री केशवानी लौघटा मानिकपुर ने चबूतरा बनाकर अवैध कब्जा कर लिया। पूरे मुहल्ले वासियों ने कर्वी कोतवाली में शिकायत की है। चार दिन होने के बाद कोतवाली पुलिस ने अवैध अतिक्रमण नहीं हटवाया। आखिर जिला प्रशासन की नजर कब इधर पड़ेगी। कब इन सडकों से अवैध अतिक्रमण करने वालों पर बुलडोजर चलेगा। जिलाधिकारी से ट्रांसपोर्ट नगर मुहल्ले वासियों ने मांग की है कि रोड पर घर के आगे जिन दबंगों ने चबूतरे और अवैध निर्माण किये हैं, उन्हें गिरवाया जाये।

## सीतापुर अस्पताल को मिली उपलब्धि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से उप्र के चयनित जिलों के चिकित्सालयों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के आंकलन को भारत सरकार से गठित विभिन्न विभागों की टीम के छह सदस्यों ने 19-20 अप्रैल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर को देखा।

शुक्रवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि चिकित्सा इकाई को 80 .86 अंकों के साथ सफल घोषित कर प्रमाण पत्र दिया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर जिले की ऐसी इकाई है, जिसमें प्रतिदिन नि:शुल्क ओपीडी/आईपीडी 24 घंटे प्रसव सेवा, लैब जांच एवं दवा बांटी जाती है। जनता की सुविधाओं के मद्देनजर पीने के पानी की व्यवस्था, मरीजों के बैठने, ठहरने को कूलर-पंखे की व्यवस्था, साफ-सुथरा शौचालय उपलब्ध है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की उपलब्धि पर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य लखनऊ एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी के साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमके जतारिया क्वालिटी कंसलटेंट डॉ अमित सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गौरव जैदका के साथ सीतापुर चिकित्सालय के चिकित्सक एवं कर्मियों को शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## हिस्ट्रीशीटर की मनमानी से जिम्मेदार बेबस, हिस्ट्रीशीटर प्रधानी से कर रहा घोटाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के देहरुचमाफी गांव में एक हिस्ट्रीशीटर दबंगई के जोर पर प्रधानी कर रहा है। विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन को हडप रहा है। दस्युओं के संरक्षण में खूब कमाई कर धाक जमाई थी। दस्युओं से मिलीभगत में एक नाबालिग बच्चे का अपहरण कर मुंह मांगी फिरौती वसूली थी। शुक्रवार को इस हिस्ट्रीशीटर का खुलासा हुआ। बताया गया कि मप्र पुलिस ने जेल भेजा था। डकैतों के खत्म होने के बाद भी अपना दबदबा दिखा रहा है। जिले के विभिन्न थानों में इस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पहले दस्यु संरक्षण अब सत्ता संरक्षण के दम पर मनमानी कर महिला प्रधान की धौंस दिखाकर प्रधानी कर रहा है। इसकी दबंगई के आगे जिम्मेदार अधिकारी बेबश हैं। अनुसूचित जाति की निरक्षर प्रधान होने का लाभ उठा रहा है। कागजों में खुद जाली हस्ताक्षर करता है। गांव की गौशाला की खाद को बिना नीलामी के अपने खेतों में डलवा लिया है। मनरेगा से गौशाला में कराए टंकी निर्माण, रीबोर, इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण, टीनशेड निर्माण व तार फेंसिंग में बड़ी धांधली की है। गांव में मेडबंदी व समतलीकरण के नाम पर बड़ा खेल किया है। श्यामलाल पुत्र देवीदयाल, राधेश्याम पुत्र देवीदयाल, अशोक पुत्र राममूरत, भूपत पुत्र भोरेलाल, इंद्रपाल पुत्र श्याम बिहारी, रमाशंकर पुत्र गिरधारीलाल व शिवदर्शन पुत्र रामविशाल के खेत में हुए मेडबंदी व समतलीकरण का कार्य ट्रैक्टर ब जेसीबी मशीन से कराया गया।

मनरेगा से कराए कार्यों में ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन से कराकर लाखों रुपए का गबन किया है। देहरुचमाफी में मनरेगा से कराए कार्यों व गौशाला से बिना नीलामी के निकाली खाद को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा कि जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

## लोनिवि एक्सईएन बांदा 20 अगस्त तक डलवायें छत: डीएम, डीएम ने निरीक्षण कर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने निमार्णाधीन सर्किट हाउस देवांगना घाटी, पर्यटन सुविधा केंद्र छिवलहा, रूर्वन उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केंद्र मऊ का औचक निरीक्षण कर सर्किट हाउस के निर्माण में अधिशासी अभियंता लोनिवि खंड बांदा सुरेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि 20 अगस्त तक प्रत्येक दशा में स्लैब पड़ जानी चाहिए।



शुक्रवार को निरीक्षण में डीएम अभिषेक आनन्द ने बाउंड्रीवाल के निर्माण को तत्काल पूरा करने व सड़क बनाने तथा जो मिट्टी भराई करानी है, वह गांव मडैयन के तालाब से लाकर करें। तालाब भी गहरा हो सके। उन्होंने पर्यटन सुविधा केंद्र में रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि आर्किटेक्ट से बात कर सीनरी लगवायें। कार्यदाई संस्था से कहा कि विद्युत फिटिंग, रिटर्निंग वाल, विद्युत, ग्लेजिंग, फाउंटेन के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करायें। रूर्वन उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केंद्र की बाबत जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि यहां रेगुलर कार्य कराकर प्रगति करायें।

उन्होंने परियोजना निदेशक से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों का निरीक्षण कर दस अगस्त तक कार्य पूर्ण करायें। मऊ ब्लाक में ही नीम के पौधे का वृक्षारोपण किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि पार्क में बेंच, लाइट, साफ-सफाई को विकसित करें। सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो कार्य हो रहे हैं वह समय से शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण करायें।

निरीक्षण में सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मऊ राकेश पाठक, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम रामफल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शबरी जलप्रपात में डूबे युवक का नहीं चला पता

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** शबरी जलप्रपात में डूबे युवक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है। मप्र के सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के अमदरी गांव का युवक बताया जा रहा है।



शुक्रवार को सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से युवक कुंड मे गिर गया। शबरी प्रपात के दूसरे वाले कुंड में युवक के गिरने पर उसके तीन साथी सहमे हैं। साथियों ने बताया कि डूबे युवक का आज जन्मदिन था। खुशी के चलते सभी लोग शबरी जलप्रपात में इंज्वाय करने आये थे। खुशियां गम मे बदल गई। गोताखोर न होने से युवक को ढूंढने में भारी समस्या हो रही है। खतरनाक और गहरे कुंड होने के बाद भी गोताखोरों की तैनाती नहीं है। कई घटनायें होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने सबक नहीं लिया।

## खून से रंगे हाथों को जेल में सिखायेंगे हुनर, जेल में बन्दियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कारागार में कौशल विकास मिशन के तहत बंदियों को मोटर बाइंडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज फारख इनाम सिद्दिकी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



शुक्रवार को प्रशिक्षण की शुरूवात कर रहे बंदियों को प्रशिक्षण देने को अपर जनपद न्यायाधीश ने प्रेरित किया। उन्होंने बंदियों के रचनात्मक विकास, सामाजिक समायोजन और सुधार को आवश्यक बताया। बंदियों को प्रशिक्षण सामग्री बंटवाई। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण देने के पहले बंदियों की काउन्सलिंग की गयी। उन्हें प्रशिक्षण को प्रेरित और मनोवैज्ञानिक ढंग से तैयार किया।

उन्होंने बताया कि जेल सुधार के तहत बंदियों के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण पर शासन ने जोर दिया है। जेल में बन्द अवधि में बंदियों को अच्छा नागरिक बनाया जा सके। जेल से छूटने या सजा पूरी करने के बाद रोजगार कर सके और पुनः अपराध की दुनिया में न लौटें।

## 'बीते सैकड़ों वर्षों में जुलाई सबसे गर्म महीना, 2024 में बिगड़ेंगे हालात', नासा वैज्ञानिक की चेतावनी

**वाशिंगटन।** दुनिया के बढ़ते तापमान से हर कोई परेशान है। अब नासा के एक वैज्ञानिक ने चेतावनी दी है कि यह परेशानी और बढ़ सकती है। बता दें कि नासा के जलवायु विज्ञानी गेविन शिमिट ने दावा किया है कि बीते सैकड़ों सालों में जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा है। यूरोपीय यूनियन और यूनिवर्सिटी ऑफ मेन के जमीनी और उपग्रह डाटा का विश्लेषण कर जो डाटा निकला है, उसके आधार पर नासा के विशेषज्ञ ने यह दावा किया है। नासा विशेषज्ञ शिमिट ने कहा कि हम दुनिया भर में अभूतपूर्व बदलाव देख रहे हैं। अमेरिका, यूरोप और चीन में जो गर्म हवाएं चल रही हैं, वह आए दिन रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। शिमिट ने कहा कि अल नीनो प्रभाव ही दुनिया का तापमान बढ़ने की अकेली वजह नहीं है बल्कि



इसकी प्रमुख वजह पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैसों का लगातार उत्सर्जन और इनमें कमी नहीं आना है। हालांकि शिमिट ने ये भी कहा कि अल नीनो प्रभाव भी एक वजह है, जिसकी वजह से तापमान बढ़ रहा है। 2023 हाल के सालों में सबसे गर्म साल रह सकता है। हालांकि अभी डाटा का विश्लेषण करने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी लेकिन कई वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इसके 80 फीसदी चांस हैं।

### पुतिन के सबसे बड़े विरोधी एलेक्सेई नावालनी को हो सकती है 20 साल की जेल, कट्टरपंथी समुदाय बनाने का आरोप

**रूस।** रूस में व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े राजनीतिक विरोधी एलेक्सेई नावालनी को 20 साल की जेल हो सकती है। रूस के सरकारी अभियोजकों ने नावालनी को अधिकतम सुरक्षा में 20 साल की जेल की सजा देने की मांग की। नावालनी पर आरोप है कि उन्होंने कट्टरपंथी समुदाय बनाया। नावालनी की वकील ओल्गा मिखाइलोवा ने भी इसकी पुष्टि की है। **कट्टरपंथी समुदाय बनाने का आरोप** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ब्लॉगर नावालनी को रूस के क्रिमिनल कोड के तीसरे हिस्से के



आर्टिकल 282.1(कट्टरपंथी समुदाय का निर्माण और इसकी गतिविधियों में हिस्सा लेने का आरोप) के तहत दोषी ठहराया जा सकता है। साथ ही नावालनी पर कट्टरपंथी गतिविधियों का वित्त पोषण करने, कट्टरपंथी गतिविधियों के लिए सार्वजनिक आह्वान करने का आरोप है। रूसी अभियोजक ने अदालत से मांग की है कि इन मामलों में नावालनी को 20 साल जेल की सजा सुनाई जाए।

## कैमरून में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत, डब्ल्यूएचओ ने भारत से मदद मांगी

**लंदन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कैमरून में मिलावटी कफ सिरप पीने से कुछ बच्चों की मौत के मामले में सिरप उत्पादक की जानकारी जुटाने में भारतीय अधिकारियों से मदद मांगी है। डब्ल्यूचओ ने नेचरकोल्ड नामक एक कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इस सिरप को कैमरून में बेचा जा रहा था और वहां के अधिकारियों ने देश के कम से कम छह बच्चों की मौत के लिए इस सिरप को जिम्मेदार माना है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार इस सिरप में बहुत अधिक मात्रा में मिलावटी डीएथिलेन ग्लाइकोल है। नेचरकोल्ड सिरप की निर्माता फ्रेकेन इंटरनेशनल ने खुद को इंग्लैंड की कंपनी घोषित कर रखा है, लेकिन ब्रिटेन के अधिकारियों ने बताया कि वहां इस नाम की कोई कंपनी नहीं है। वैश्विक स्वास्थ्य संस्था ने इसके बाद भारत के दवा नियामक से संपर्क साधकर यह पता लगाने के लिए कहा है कि कहीं इसमें कोई भारतीय



कंपनी तो शामिल नहीं है। डब्ल्यूएचओ दूसरे देशों की कंपनियों से भी संपर्क साध रही है। नेचरकोल्ड को लेकर जारी की गई चेतावनी हालिया महीनों में अलग-अलग कप सिरप के बारे में जारी चेतावनी की शृंखला की एक और कड़ी है। 2022 में गांबिया, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया में 300 से अधिक बच्चों की मौत के लिए अलग-अलग कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया था।

## तालिबान की सफाई, महिला ब्यूटी सैलून ने नहीं माने दिशा-निर्देश, इसलिए बंद कराया

**काबुल।** अफगानिस्तान की हुकूमत पर काबिज तालिबान के सदाचार मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद सिदिक आकिफ महाजर ने महिला ब्यूटी सैलून पर लगाए गए प्रतिबंध पर हंगामा मचने के बाद सफाई दी है। महाजर ने कहा है कि देश सभी महिला ब्यूटी सैलून के लिए चार माह पहले 14 दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। सभी को चेतावनी दी गई थी कि अगर इनका पालन नहीं किया गया तो प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

इससे पहले चार जुलाई को प्रवक्ता महाजर ने कहा था कि इन दिशा-निर्देशों को 24 जून को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुनजादा ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसलिए इनका उल्लंघन हरगिज स्वीकार नहीं होगा। उधर, तालिबान की इस हठधर्मिता से लगभग 12,000 महिला ब्यूटी सैलून में ताला लटक गया है। इनमें 50,000 से अधिक कर्मचारी (लड़कियां और



लड़के) काम करते हैं। सबके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। तालिबान के दिशा-निर्देशों में कठोरता से कहा गया है कि हर महिला मेकअप आर्टिस्ट को निर्धारित समय पर प्रार्थना करनी होगी। उन्हें इस्लामिक हिजाब का पालन करना होगा। उनकी शृंगार सामग्री से वुजू (स्नान) में रुकावट नहीं आनी चाहिए। सैलून आने वाली हर महिला को पहले स्नान करना होगा। सैलून के अंदर कैमरा नहीं होगा। पुरुषों को मौजूद रहने की अनुमति नहीं होगी। हर सैलून में स्नान के लिए जगह होनी चाहिए। सैलून की कोई कर्मचारी ग्राहकों के घर नहीं जाएगी। प्रवक्ता महाजर ने कहा है कि चार माह का समय बहुत होता है। चूंकि उन्होंने दिशा-निर्देशों को लागू नहीं किया, इसलिए उन्हें बंद करा दिया गया है। महिला सौंदर्य सैलून संघ की प्रमुख मीना सुल्तानी हुकूमत के फैसले से आहत हैं। अफगानिस्तान की महिला सैलून में काम करने वाली लड़कियों का कहना है कि वह इस्लामिक अमीरात के हर तरह के दिशा-निर्देश को लागू करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनकी दुकानें बंद नहीं की जानी चाहिए।

## करोड़ों डॉलर के घोटाले में शहबाज शरीफ को सपरिवार राहत, एक बेटी भगोड़ा घोषित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को करोड़ों डॉलर के मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले में राहत मिली है। अदालत ने शहबाज, उनकी पत्नी, एक बेटे और एक बेटी सहित मामले के सह आरोपितों को बरी कर दिया, किन्तु एक बेटी को भगोड़ा घोषित कर दिया है। वर्ष 2020 में शहबाज शरीफ व उनके परिजनों के खिलाफ करोड़ों डॉलर की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था। संघीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने शहबाज शरीफ को नुसरत शहबाज (पत्नी), हमजा (बेटा), जवेरिया अली (बेटी), मुहम्मद उस्मान, मसरूर अनवर, शोएब कमर, कासिम कय्यूम, राशिद करामत, अली अहमद और निसार अहमद सहित सह-आरोपितों के साथ बरी कर दिया। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी शहबाज के खिलाफ अदालत के समक्ष कोई ठोस सबूत देने में विफल रही। एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों को बरी कर दिया क्योंकि भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी विदेशों में, खासकर यूनाइटेड किंगडम में लाखों डॉलर की हेराफेरी के संबंध में संदिग्धों के खिलाफ कोई ठोस सबूत देने में विफल रही। अदालत ने प्रधानमंत्री की एक और बेटी राबिया इमरान को भगोड़ा घोषित कर दिया और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में नाम आने के बाद से राबिया ब्रिटेन चली गई थी। पिछले साल अक्टूबर में संघीय



जांच एजेंसी की एक विशेष अदालत ने शहबाज को 16 बिलियन पाकिस्तानी रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी बरी कर दिया था। 10 जुलाई को उनके बेटे सुलेमान शाहबाज को भी इसी मामले में बरी कर दिया गया था।

## कनाडा में चला रहे थे संगठित कार्गो चोरी गिरोह, भारतीय मूल के 15 चोर गिरफ्तार

**ओट्टावा।** भारतीय मूल के लोग पूरी दुनिया में नाम कमा रहे हैं, किन्तु कहीं-कहीं बदनामी का कारण भी बन रहे हैं। कनाडा में भारतीय मूल के 15 चोरों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग संगठित कार्गो चोरी गिरोह चला दिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की उम्र 22 से 45 वर्ष के बीच है और उन पर 73 आरोप लगाए गए हैं। जांचकर्ताओं ने कहा कि चोरी किए गए माल में विभिन्न वाणिज्यिक सामान, एटीवी और वाहन शामिल थे, जिन्हें संदिग्धों किनारे खड़े ट्रकों को चुरा लिया। चोरों के समूह ने कई परिसरों को निशाना बनाया। पहले वे बाड़ को काट देते, अंदर जाते, उत्पाद चुराते, आमतौर पर ट्रक चुराते और बाड़ के ऊपर से गाड़ी चला देते थे। पील पुलिस की जांच




रहे थे। इनके पास से चोरी के सामान के साथ 90 लाख डॉलर से अधिक की संपत्ति भी बरामद की गई है।पील क्षेत्रीय पुलिस की ओर से जानकारी दी गयी कि पील क्षेत्रीय नगर पालिका और ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में लगातार ट्रैक्टर-ट्रेलर और कार्गो चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इनसे निपटने के लिए मार्च में एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया था। जांच को प्रोजेक्ट ट्रैक्टर-ट्रेलर नाम दिया गया। इस टास्क फोर्स ने विभिन्न शहरों से भारतीय मूल के 15 चोरों को गिरफ्तार कर आपराधिक गिरोह को नष्ट कर ने कथित तौर पर विभिन्न कबाड़ी बाजारों और दुकानों में बेच दिया था। इन चोरों के पास से कुल 92 लाख कनाडाई डॉलर की संपत्ति बरामद की गई, जिसमें 69 लाख डॉलर की चोरी का माल और 22 लाख डॉलर की चोरी के ट्रैक्टर-ट्रेलर शामिल हैं। पील क्षेत्रीय पुलिस के मार्क हेवुड ने बताया कि जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि संदिग्धों के एक ही समूह ने छह स्थानों पर विभिन्न आकारों के कार्गो और 28 ट्रैक्टर-ट्रेलरों को निशाना बनाया था। ये लोग बाड़ को तोड़कर ट्रकों को लेकर भाग गए या सड़क के और आपातकालीन सेवाओं के उप प्रमुख निक मिलिनोविच ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों में से कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने बार-बार अपराध किया। पुलिस ने भारतीय मूल के बलकार सिंह, अजय, मंजीत पड्डा, जगजीवन सिंह, अमनदीप बैदवान, करमशंद सिंह, जसविंदर अटवाल, लखवीर सिंह, जगपाल सिंह, उपकरण संधू, सुखविंदर सिंह, कुलवीर बैंस, बंशीधर लालसरन, शोबित वर्मा, सुखनिंदर ढिल्लों को गिरफ्तार किया है। अभी कुछ और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद की जा रही है।

## इराक ने स्वीडिश राजदूत को किया निष्कासित, स्वीडन से बुलाया वापस

**बगदाद।** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक व्यक्ति द्वारा कुरान के अपमान का मामला गंभीर होता जा रहा है। इराक की राजधानी बगदाद में स्वीडिश दूतावास पर हमले, आगजनी व विरोध प्रदर्शन के बाद स्वीडन के दूतावास को बंद कर दिया गया है। इराक ने स्वीडन के राजदूत को निष्कासित करने के साथ स्वीडन से इराकी राजदूत को वापस बुला लिया है। स्वीडन में कुरान के अपमान के विरोध में इराक की राजधानी बगदाद स्थित स्वीडन के दूतावास पर जोरदार प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने स्वीडिश दूतावास पर हमला कर दिया, परिसर में घुसकर आग लगा दी और हंगामा खड़ा कर दिया। प्रदर्शनकारी प्रभावशाली इराकी शिया मौलवी और राजनीतिक नेता मुक्तदा अल-सद्र को दर्शाने वाले झंडे लहरा रहे थे। भारी संख्या में लोग परिसर में दाखिल हुए और आग लगा दी। आग बुझाने के लिए



फायरब्रिगेड की गाड़ी को बुलाना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस भी प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित नहीं कर सकी। इसके बाद स्वीडन की ओर से इराक स्थित दूतावास आगंतुकों के लिए बंद करने की घोषणा कर दी गयी। इस घटनाक्रम के बाद इराक ने स्वीडन के राजूद को निष्कासित कर दिया है। स्वीडन में तैनात इराक के कार्यवाहक राजदूत को वापस बुला लिया गया है। इराकी सरकार ने ही स्वीडन को बता दिया था कि कुरान के अपमान के मसले पर इराक निश्चित रूप से स्वीडन से राजनयिक संबंध तोड़ देगा। इस बीच प्रधानमंत्री शिया अल-सुदानी ने इराकी अधिकारी आगजनी करने वालों पर भी मुकदमा चलाएंगे।

## जमीन के अंदर हुए तेज धमाके से उड़ी कारें,सड़क हुई तबाह

**जोहान्सबग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर में एक हैरान करने वाली घटना घटी। दरअसल यहां जमीन के अंदर हुए के तेज विस्फोट में सड़क पूरी तरह से तबाह हो गई और वहां गड्ढा हो गया। धमाके के दौरान सड़क पर चल रहीं गाड़ियां धमाके के साथ ही हवा में उड़ गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो खूब वायरल हो रहा है। माना जा रहा है गैस पाइप पाइप लाइन में विस्फोट के चलते यह हादसा हुआ। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 48 लोग घायल हुए हैं। गैस सप्लायर ने गैस लीक से धमाके की बात से किया इनकार घटना जोहान्सबर्ग के ब्री स्ट्रीट इलाके का है। हादसे में कई गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। धमाके की असल वजह अभी पता नहीं चल पाई है लेकिन अधिकारियों का मानना है कि जमीन के अंदर से जा रहीं गैस पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने के चलते यह विस्फोट हुआ होगा। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। वहीं स्थानीय गैस सप्लायर ने ये माना है कि एक गैस पाइप लाइन में छोटा से लीक है लेकिन सप्लायर ने धमाके की वजह इस लीक को मानने से इनकार कर दिया। हादसे के बाद प्रशासन ने लोगों को प्रभावित इलाके में जाने से बचने की



सलाह दी है। प्रभावित इलाके की बिजली की सप्लाई भी बंद कर दी गई है और इलाके की घेराबंदी कर जांच की जा रही है।

## पाकिस्तान में आम चुनाव की तैयारी में जुटा आयोग, देरी से इनकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का चुनाव आयोग आम चुनाव की तैयारी में जुट गया है। उसने आम चुनाव में किसी भी तरह की देरी से इनकार किया है। आयोग ने साफ किया है कि अगर दो प्रांतीय विधानसभाओं को उनके कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग नहीं किया गया तो चुनाव 11 अक्टूबर से पहले होंगे। आयोग के सचिव उमर हामिद खान और विशेष सचिव जफर इकबाल हुसैन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आयोग 60 दिनों या 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हुसैन ने कहा कि न्यायपालिका से अनुरोध किया गया है कि न्यायिक अधिकारियों को जिला रिटर्निंग ऑफिसर (डीआरओ) और रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के रूप में कर्तव्यों का पालन करने के लिए मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मतपत्रों के लिए वॉटरमार्क पेपर खरीद लिए गए हैं। अन्य आवश्यक चुनाव सामग्री भी ले ली गई है। मतदान केंद्रों की सूची और कर्मचारियों का डेटा बैंक तैयार कर लिया गया है। मतपत्रों और नामांकन पत्रों की छपाई के लिए प्रेस के साथ समन्वय पूरा कर लिया गया है।उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के नए सिरे से परिसीमन की संभावना से इनकार किया और कहा कि चुनाव पिछली जनगणना और परिसीमन के तहत होंगे।

## 'ओशनगेट सीईओ रश को पता था टाइटन पनडुब्बी की यात्रा का भयानक अंत होगा', करीबी दोस्त ने किया दावा

**वाशिंगटन।** ओशनगेट कंपनी के सीईओ व दिवंगत स्टॉकटोन रश के एक दोस्त ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि रश को पता था कि इस यात्रा का अंजाम खतरनाक होगा फिर भी उन्होंने इसे जारी रखा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रश के दोस्त व पनडुब्बी संचालक कार्ल स्टेनली ने कहा कि उन्होंने अपने दोस्त को पनडुब्बी के खतरों के बारे में चेतावनी दी थी।

टाइटैनिक का मलबा दिखाने गई पनडुब्बी अचानक से 19 जून को अटलांटिक महासागर में लापता हो गई थी। बाद में ने आगे दावा किया कि रश का एक निर्णय उनके साथ ही अन्य चार लोगों के लिए महंगा पड़





गया। **टाइटेनियम के बजाय इससे बना गया जहाज** उन्होंने कहा कि यकीन है कि रश का कार्बन फाइबर का उपयोग करके जहाज के मुख्य भाग को तैयार करने वाला फैसला खतरनाक साबित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रश ने लागत में कटौती करने के लिए जहाज के मुख्य भाग को टाइटेनियम के बजाय कार्बन फाइबर से बनाया था। रश को चेताया गया था कि मुख्य भाग को छोड़कर अन्य टाइटेनियम से बना है, जिसकी वजह से दोनों का आपस में जुड़ना कठिन होगा। पानी के नीचे कार्बन फाइबर टाइटेनियम की तुलना में तेज गति से संपीड़ित होगा, जिससे दोनों को जोड़ने वाले गोंद पर दबाव बढ़ जाएगा। **सेवानिवृत्त फोरेंसिक मेटलर्जिस्ट ने भी किया खुलासा** एक सेवानिवृत्त फोरेंसिक मेटलर्जिस्ट टिम फॉके ने कहा कि कार्बन फाइबर पानी के नीचे संपीड़ित होती है, जिससे विस्फोट की अधिक संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जब जहाज को कार्बन फाइबर से बनाने का निर्णय लिया गया तो मैं बहुत आश्चर्यचकित था। **ऐसे बनाया गया जहाज** स्टेनली ने कहा कि रश को इन सब खतरों के बारे में कई बार बताया गया, लेकिन रश ने नहीं सुनी। ओशनगेट के सीईओ ने इन सब चिंताओं को अनदेखा कर जहाज को बनाना जारी रखा। उन्होंने कहा कि जहाज के मुख्य भाग पतवार को डिजाइन करने के लिए कार्बन फाइबर के उपयोग के साथ-साथ, इसे एक गोली के आकार का भी बनाया गया था, ताकि 250,000 डॉलर की यात्रा पर अधिक यात्री टाइटैनिक के मलबे को देख सकें।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## अमेरिका के इस खतरनाक बम से रूस की सेना पर भारी पड़ रहा यूक्रेन, 100 से ज्यादा देशों में है प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका से मिले क्लस्टर बमों का यूक्रेन ने रूस की सेना के खिलाफ इस्तेमाल शुरू कर दिया है। अमेरिका ने एक बयान में कहा है कि रूस के खिलाफ यूक्रेन इन क्लस्टर बमों का इस्तेमाल काफी प्रभावी तरीके से कर रहा है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर के 100 देशों में क्लस्टर बमों का इस्तेमाल प्रतिबंधित है। बता दें कि अमेरिका में भी यूक्रेन को क्लस्टर बम देने को लेकर मतभेद थे और कई महीने तक इस इस्तेमाल करेगी। साथ ही रूस की सेना को तितर-बितर करने, रक्षा पंक्ति को भेदने के लिए ही क्लस्टर बमों का इस्तेमाल करेगी। रूस और यूक्रेन दोनों ही देश एक दूसरे पर क्लस्टर बमों के इस्तेमाल का आरोप लगा रहे हैं।

**100 से ज्यादा देशों में है प्रतिबंध** गौरतलब है कि जिन क्लस्टर बमों का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में किया जा रहा है, वह 100 से ज्यादा देशों में प्रतिबंधित हैं। बता दें कि क्लस्टर बमों में बहुत सारे छोटे-छोटे बम हवा में ही मुख्य



बात को लेकर चर्चा होती रही थी। आखिरकार देश में लंबी बहस के बाद अमेरिका यूक्रेन को क्लस्टर बम देने के लिए तैयार हो गया। **इस शर्त पर मिले यूक्रेन को क्लस्टर बम** बता दें कि यूक्रेन ने अमेरिका से वादा किया था कि उनकी सेना सिर्फ अपनी रक्षा के लिए ही क्लस्टर बमों का क्लस्टर बम से निकलकर बिखर जाते हैं। इन बमों से भारी नुकसान होता है लेकिन कई बार ये क्लस्टर बम फटते नहीं हैं और यह लंबे समय तक ऐसे ही पड़े रहते हैं, जिससे सालों बाद इनके फटने का डर बना रहता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इनका खूब इस्तेमाल हुआ था लेकिन अब इनके इस्तेमाल पर रोक है।

## यूरोप में भीषण गर्मी के बीच ग्रीस के जंगलों में लगी आग, 35 वर्ग किलोमीटर का जंगल हुआ राख

**एथेंस ।** यूरोप इन दिनों भीषण गर्मी और गर्म हवाओं से जूझ रहा है। ऐसे में ग्रीस के जंगलों में आग लगने की खबर है। आग इतनी भीषण है कि उसमें अभी तक 35 वर्ग किलोमीटर का जंगल जलकर राख हो चुका है। प्रभावित जगहों से बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुधवार की रात आग काबू में आ गई थी लेकिन तेज हवाएं चलने से यह फिर बेकाबू हो गई। **24 घंटे में 62 जगहों पर लगी आग** ग्रीस के अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता यिआनिस आर्टोपोइस ने ताजा बयान में बताया कि बीते 24 घंटे में ग्रीस के जंगलों में 62 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है। ग्रीस के पश्चिमी अट्टिका इलाके में आग के चलते लोगों को



सुरक्षित निकाला जा रहा है। कुछ लोग अपने घरों को छोड़कर जाने को तैयार नहीं और वह प्रशासन के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 72 वर्षीय क्रिसोला रीनेरी ने दावा किया कि उनके कुछ रिश्तेदार उनका घर बचाने के लिए आए थे लेकिन प्रशासन ने इलाके की पानी की सप्लाई ही रोक दी। **कई जगह आपातकाल लागू** लोगों का कहना है कि जंगलों की आग फैलने के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रीस और रोड्स आईलैंड में आपातकाल लागू कर दिया गया है। बता दें कि अल नीनो प्रभाव के चलते यूरोप इन दिनों भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। यूरोप में गर्मी रोज नए रिकॉर्ड तोड़ रही है।

## इमैनुएल मैक्रों ने किया कैबिनेट में फेरबदल, शिक्षा से लेकर इन मंत्रालयों तक हुआ बदलाव

**फ्रांस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने कैबिनेट में फेरबदल किया है। शिक्षा, आवास और शहरी मामलों जैसे प्रमुख घरेलू विभागों में उन्होंने बदलाव किया है। कहा जा रहा है कि बदलाव ऐसे समय में किया है, जब सरकार को हर तरफ से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बता दें, सबसे बड़ा बदलाव शिक्षा मंत्रालय में हुआ है। यहां ब्लैक स्टडीज विश्वविद्यालय के विद्वान पैप एनडियाये को हटाकर 34 वर्षीय बजट मंत्री गैब्रियल अटल को नियुक्त किया गया है। एनडियाये दक्षिणपंथी और रूढ़िवादियों की आलोचना के शिकार हुए थे।

**मैक्रों के दूसरा कार्यकाल संकटों से घिरा** बता दें, यह फेरबदल राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दूसरे कार्यकाल में हुआ है, जो आंतरिक संकटों का सामना कर रहा है। इसमें पेंशन सुधारों को लेकर महीनों से चल रहे प्रदर्शन और ट्रैफिक जांच के दौरान एक किशोर की पुलिस की गोली लगने से हुई मौत के बाद पांच दिनों तक भड़के दंगे शामिल हैं। **इन लोगों को मिला ये कार्यभार** राष्ट्रपति मैक्रों ने शहरी मामलों के मंत्रालय का पदभार उत्तरी अफ्रीकी मूल के कानूनविद् सबरीना एग्रेस्टी-रूबाचे को दिया है। वहीं, ऑरेलियन रूसेऊ को देश का स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है।